PRGI.Reg.-CHHHIN/2023/88305
ईमेलः—manishvaidy538@gmail.com

# पिलखा भूमि

प्रधान ,संपादक – मनीष वैद्य
मो,9165046978

सहायक संपादक – विजय कुमार
मो,7745977241

वर्ष 01 अंक 03 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक अगस्त 2024 पृष्ठ 8 मूल्य 5

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का अंतिम रिहर्सल

### नगर निगम भिलाई आयुक्त ने निभाई मुख्य अतिथि की भूमिका ध्वजारोहण कर परेड का किया निरीक्षण

दुर्ग 13 अगस्त 2024 जिला मुख्यालय दुर्ग में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस नगर की गरिमा के अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। आयोजन स्थल पुलिस ग्रा. उंड में आज तैयारियों की अंतिम रिहर्सल की गई। नगर निगम भिलाई आयुक्त देवेश ध्रुव ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पुलिस ग्राउंड में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर उपस्थित जनों का अभिवादन किया। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक जित. `न्द्र शुक्ला भी साथ मौजूद थे। ध्वजारोहण पश्चात् परेड की टुकड़ियों द्वारा जन–गण–मन की धुन पर हर्ष फायर व राष्ट्रपति के जय जयकार किया गया। प्लाटून कमांडरों के नेतृत्व में परेड की टुकड़ियां मंच के सामने से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। रिहर्सल के दौरान नगर के विभिन्न स्कूलों के विद्याथियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा पुलिस परेड ग्राउण्ड से पटेल चौक पर समाप्त हुई। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, जिला शिक्षा अधिकारी अर. विन्द मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।



## बहनों ने रक्षाबंधन पर सुरक्षाबलों को बांधी राखी, भावुक हुए जवान

बीजापुर में रक्षाबंधन का पर्व भाई–बहनों के प्रेम का प्रतीक है, जिसमें बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं। यह पर्व सभी के लिए खास होता है, लेकिन माओवाद प्रभावित बीजापुर में तैनात सुरक्षाबलों के जवानों के लिए यह दिन विशेष रूप से भावुकता पूर्ण हो गया। जब बीजापुर के विभिन्न सुरक्षा कैंपों में जहां सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षाबलों के जवान अपने कर्तव्य का पालन करते हुए तैनात हैं, वहां की स्थानीय बहनों ने आकर जवानों की कलाईयों में राखी बांधी। जवानों के लिए यह पल भावनाओं से भरा हुआ था। घर से दूर अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए ये



जवान अपने परिवार से नहीं मिल पाते हैं लेकिन बीजापुर की इन बहनों ने उनकी कलाईयों में राखी बांधकर उन्हें अपने परिवार की याद दिला दी।महतारी वंदन योजना की लाभार्थी बहनों ने अपने–अपने घरों के नजदीकी सुरक्षा कैंपों में जाकर जवानों की कलाईयों में रक्षा सूत्र बांधा। सीआरपीएफ कैंप 299 बीजा. पुर, सीआरपीएफ 85 बटालियन नयापारा, चेरपल्ली, रेड्डी, गुटाई गुडा, भोपालपटनम और गंगालुर पिनकोण्डा जैसे विभिन्न कैंपों में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धनोरा कैंप में पदस्थ प्लाटून कमांडर रूपेश थामी ने कहा, ''आज महिला बाल विकास विभाग की तरफ से बहनें रक्षा सूत्र बांधने आईं, जिससे हमें बहुत अच्छा लगा। हम देश के विभिन्न राज्यों से आकर यहां ड्यूटी करते हैं और घर नहीं जा पाते। इन बहनों ने हमारी परिवार की कमी को पूरा किया। हम बहुत भावुक हो गए और चाहते हैं कि हर साल बहनें इसी तरह आकर हमें राखी बांधें।'' महतारी वंदन योजना की हितग्राही बहन रानी तेलम, दामिन कुडियम और गीता मुचाकी ने जवानों को राखी बांधते हुए कहा, ''हमें गर्व है कि हमारे भाई अपनी ड्यूटी पर तैनात होकर बीजापुर में अमन और शांति बनाए रखते हैं, जिससे हम बेफिक्र रहते हैं। हमने भी जवानों को राखी बांधकर अपना दायित्व निभाया और इस रक्षाबंधन का पर्व हमारे लिए बहुत खास रहा।''

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी,

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के अवसर पर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाली तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी की शुरुआत मंगलवार को गांधी स्टेडियम मैदान में हुई। सरगुजा लोकसभा सांसद चिंतामणी महाराज ने फीता काटकर प्रदर्शनी की शुरुआत की। सांसद चिंतामणी महाराज ने कहा कि विभाजन के समय की परिस्थितियों से लोगों को अवगत कराने प्रदर्शनी लगाई गई है। आमजनों को प्रदर्शनी के माध्यम से यह जानकारी मिलेगी कि हमारे पुरखों ने किस प्रकार विभाजन के दर्द को झेला है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र शासन के मार्गदर्शन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के माध्यम से सबको ये जानकारी मिलेगी कि किस तरह से उस समय लोग विकट समय से बाहर आए हैं। उन्होंने आमजनों से प्रदर्शनी में आकर चित्रों का अवलोकन करने का आग्रह किया ह ।
बता दें तीन दिवसीय प्रदर्शनी में



सरगुजा से सहायक संपादक विजय कुमार की रिपोर्ट

विभाजन की विभीषिका आधारित फोटो प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे लोगों को विभाजन के समय की घटनाओं के बारे में जानकारी हो सके। प्रदर्शनी में देश की स्वतंत्रता के समय पलायन करते शरणार्थियों का दृश्य, विभिन्न घटनाओं, समाचार पत्रों में छपे लेखों सहित विभिन्न मार्मिक चित्र प्रदर्शित किए गए हैं।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, आयुक्त नगर पालिक निगम प्रकाश सिंह राजपूत, अग्रणी जिला प्रबंधक दीपेंद्र यादव, ललन प्रताप सिंह, आलोक दुबे, करताराम गुप्ता, कैलाश मिश्रा, मुकेश मिश्रा सहित जिले के अधिकारी–कर्मचारी, स्कूली छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## कालेज के छात्र–छात्राओं ने रैली निकालकर हर घर तिरंगा का किया आह्वान

### कालेज के छात्र–छात्राओं ने रैली निकालकर हर घर तिरंगा का किया आह्वान
### देश की एकता व अखण्डता को अक्षुण बनाये रखने का दिया संदेश

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर व शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर प्राचार्य एन.के. देवांगन के नेतृत्व में महाविद्यालय के समस्त अधिकारीध्कर्मचारी व छात्रध्छात्राओं द्वारा नारा एवं स्लोगन का उद्घोष करते हुए हाथों में तिरंगा लेकर शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर परिसर से प्रारंभ करते हुए जिला चिकित्सालय चौक, मिशन चौक, चांदो चौक, शहीद पार्क में राष्ट्रीय ध्वज लहराकर वीर शहीदों को श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य एन. के. देवांगन ने छात्रध्छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्र के नैतिक मूल्य व वीर शहीदों




के बलिदान से अवगत कराते हुए हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। यह रैली मुख्य नगर से होते हुए पुनः शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर परिसर पहुंची। इस रैली के माध्यम से लोगों को हर घर तिरंगा, घर–घर तिरंगा हेतु जागरूक किया गया। साथ ही देश की एकता व अखण्डता को अक्षुण्ण रखने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भी हर घर तिरंगा झण्डा कार्यक्रम के तहत् ग्रामीणों द्वारा झण्डा लहराकर घरों में झण्डा फहराने व देश के प्रति भक्ति भावना तथा समर्पण और लगाव की भावना को प्रकट करने का संदेश दिया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय प्राध्यापक एन. के. सिंह, अगस्टिन कुजूर, डॉ. अर्चना गुप्ता, ओम शरण शर्मा, ब्लासियुस एक्का, अमरदीप एक्का, योगेश कुमार राठौर, डॉ. अश्वनी कुमार विश्वकर्मा, डॉ. वैभव कुमार, गिरवर प्रसाद कोरी, हृदयनाथ विश्वकर्मा सहित समस्त अधिकारीध्कर्मचारी एवं छात्रध्छात्राएं सम्मिलित हुए।

## मुख्यमंत्री की पहल पर पुलिस कैंपों में रक्षा बंधन का विशेष आयोजन

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर आज प्रदेश के सभी पुलिस कैंपों में रक्षा बंधन का पर्व विशेष उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अनूठी पहल के तहत नारायणपुर जिले के विभिन्न पुलिस कैंपों नेलवाड़, भरंडा, हलामीमुंजमेटा, छोटेडोंगर, फरसगांव, अंजरेल, तेलसी, झारा, कोहकामेटा और नारायणपुर सहित अन्य कैंपों में भी रक्षा बंधन का आयोजन किया गया।इन कैंपों में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं ने जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनकी दीर्घायु और सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हर महीने उन्हें एक भाई की तरह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। इसी प्रकार हमारे जवान भाई जो घर–परिवार से दूर रहकर हमारी और देश की सुरक्षा में अपना कर्तव्य निभाते हैं वे भी हमारे लिए बड़े भाई से कम नहीं हैं।रक्षा बंधन के अवसर पर महिलाओं ने जवानों को राखी बांधते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की इस पहल ने उन्हें एक नई प्रेरणा दी है। जवानों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके लिए एक बढ़िया अनुभव था जिससे उन्हें भी अपने परिवार से दूर रहते हुए त्योहार का आनंद लेने का अवसर प्राप्त हुआ।इस आयोजन ने न केवल जवानों और महिलाओं के बीच भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत किया बल्कि समाज में भाईचारे और आपसी प्रेम को भी बढ़ावा दिया।






























## जनसमस्या निवारण शिविर का ज्यादा से ज्यादा उठाएं लाभः

सभी विभाग शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत रूप में लाभ दिलाने की दिशा में करें प्रयासः

प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से किया जाएगा निराकरण

समाधान शिविर का किया गया आयोजन, 69 आवेदन प्राप्त



**जिले के भैयाथान** जनपद अंतर्गत बरपारा में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में किया गया। आयोजित शिविर में कले. क्टर रोहित व्यास द्वारा लोगों से संवाद कर उनके समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया। शिविर में जिलाधिकारियों द्वारा अपने विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस दौरान शिकायतों एवं समस्याओं को लेकर 69 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मंत्री एवं कलेक्टर ने सभी लोगों से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर सरपंच, सचिव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।आयोजित शि. विर को संबोधित करते हुए महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि आज आपके गांव में शासन के साथ पूरा प्रशासन तंत्र आपके समस्याओं के निराकरण के लिए उपस्थित हुआ है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से अपील करते हुए अपने सभी समस्याओं को उप. स्थित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों के समक्ष रखने को कहा। उन्होंने कहा कि आप सभी ज्यादा से ज्यादा शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं। आपको जिस भी योजना के बारे में जानकारी लेनी है और योजना का लाभ लेना है या शिकायत करनी है उस संबंध में अपने अधिकारी को अवगत कराएं साथ ही आवेदनों के निराकरण के संबंध में कहते हुए उन्होंने समय सीमा में इन आवेदनों के निराकरण की आवश्यकता बताई।आयोजित समाधान शिविर में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉलों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत गर्भवती म. हिलाओं की गोदभराई कर उन्हें पोषाहार प्रदान किया साथ ही बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग की ओर से छड़ी वितरण, उद्यानिकी विभाग की ओर से फलदार पौधों का वितरण किया। साथ ही मंत्री राजवाड़े ने शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के 10वीं के विद्यार्थियों निकिता वर्मा, आकाश कुमार साहू, आरशी जायसवाल , अभिषेक साहू, माही साहू एवं 12 वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों नीरज शर्मा, अमन साहू और आशीफ खान को टैबलेट प्रदान किया। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने ग्राम बरपारा के मिनी स्टेडियम के दर्शक दीर्घा के जीर्णोद्धार के लिए भी निर्देशित किया।इस अवसर पर उन्होंने मिनी आंगन बाड़ी कार्यकर्ता से मुख्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनने वाले सभी महिलाओं को आदेशपत्र का वितरण भी किया । इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रामसेवक पैकरा ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप स्वय अपने समस्याओं को पहचाने और इनसे अधिकारियों को अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने शासन की सभी योजनाओं का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने को कहा। पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने सभी जिलेवासियों से एक पेड़ मां के नाम से अवश्य लगाने की अपील की। आयोजित समाधान शिविर में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रा. जवाड़े ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉलों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें पोषाहार प्रदान किया साथ ही बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। इस दौरान उन्होंने समाज कल्याण विभाग की ओर से छड़ी वितरण, उद्यानिकी विभाग की ओर से फलदार पौधों का वितरण किया। साथ ही मंत्री राजवाड़े ने शिक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के 10वीं के विद्यार्थियों निकिता वर्मा, आक. ाश कुमार साहू, आरशी जायसवाल , अभिषेक साहू, माही साहू एवं 12 वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों नीरज शर्मा, अमन साहू और आशीफ खान को टै. बलेट प्रदान किया। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने ग्राम बरपारा के मिनी स्टेडियम के दर्शक दीर्घा के जीर्णोद्धार के लिए भी निर्देशित किया।इस अवसर पर उन्होंने मिनी आंगन बाड़ी कार्यकर्ता से मुख्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनने वाले सभी महिलाओं को आदेशपत्र का वितरण भी किया । इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रामसेवक पैकरा ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप स्वय अपने समस्याओं को पहचाने और इनसे अधिकारियों को अवगत कराएं। साथ ही उन्होंने शासन की सभी योजनाओं का लाभ लेते हुए आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने को कहा। पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने सभी जिलेवासियों से एक पेड़ मां के नाम से अवश्य लगाने की अपील की। स्वास्थ्य सुविधा को देखते हुए कलेक्टर व्यास ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बीपीएल एवं एपीएल सभी परिवारों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने सभी को आयुष्मान कार्ड बनवाकर शासन के स्वास्थ्य योजना का लाभ लेने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने टीबी, सिकलसेल और कुष्ठ जैसे बीमारियों के संबंध में जागरूक करते हुए सभी को अपनी जांच और इलाज निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में कराने को कहा। एनसीडी स्क्रीनिंग को आवश्यक बताते हुए उन्होंने कहा की बीपी, शुगर जैसी समस्या आम होती जा रही है इसलिए लोगों को जागरूक होना अति आवश्यक है। साथ ही उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सभी को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाने एवं उसे मां के समान ही सम्मान देने, देखभाल करने की अपील की है।इसके अलावा उन्होंने केसीसी, पीएम किसान योजना एवं सॉइल हेल्थ कार्ड के संबंध में जागरूक करते हुए सभी को इस योजना का लाभ लेने को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा उन्होंने ग्राम स्तर पर लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए ग्रामीण सचिवालय का आयोजन निरंतर करने एवं सचिवालय में सभी संबंधितअधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।






## "पालक शिक्षक मेगा बैठक" की रुपरेखा को दिशा देने वाले महत्वपूर्ण 12 बिन्दुओं पर उपस्थित पालको के साथ की गई विस्तार पूर्वक चर्चा

संकुल स्तरीय "पालक शिक्षक मेगा बैठक" में सम्मिलित होने शा.उ.मा.वि. बतरा पहुंचे – विद्यार्थियों के भविष्य निमार्ण में शिक्षक व पालक की महत्वपूर्ण भूमिकाः– कलेक्टर



**राज्य शासन** के निर्देश पर आज जिले के सभी संकुल केंद्रों में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा का आयोजन किया गया है। पालक शिक्षक मेगा बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की संपूर्ण गतिविधियों से पालकों को अवगत कराना और बच्चों को प्रेरणा व उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था। संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक में सम्मिलित होने के लिए जिले के कलेक्टर रोहित व्यास आज शा.उ. मा.वि. बतरा पहुंचे थे। जहां उन्होंने आज के कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक व पालकों को धन्यवाद ज्ञापित किया और उप. स्थित जनों के समक्ष आज के कार्यक्रम के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के भविष्य को निखारने के लिए शिक्षक व पालक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि पालक शिक्षक बैठक के माध्यम से शिक्षक व पालक अपनी सहभागिता निर्धारित कर बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनायें। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि सामान्यतः यह देखा गया है कि जो पालक अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति रूचि लेते हैं उनके बच्चों के परिणाम बेहतर प्राप्त होते है। प्रत्येक शिक्षक व पालक के लिए यह आवश्यक है कि वो बच्चों के बेहतर परिणाम के उनके साथ नियमित संपर्क स्थापित करें और बच्चों द्वारा की जा रही गतिविधियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थी शिक्षक व पालक का अनुसरण करते है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम उनके सामने शिक्षक व पालक बेहतर उदाहरण स्थापित करें। इसके साथ ही उन्हा. `ने पालक शिक्षक बैठक अंर्तगत अनिवार्य 12 महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जिसमें मेरा कोना, छात्र दिनचर्या , बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकाद. मिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयुध्कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति-आय निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओंध्छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालकों एवं छात्रों को अवगत कराना इत्यादि शामिल है पर क्रमवार चर्चा की इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल ने भी उपस्थितजनों को सम्बोधित किया जिसमे उन्होंने बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं पालको के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। इसके साथ ही शिक्षक व पालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण स्थापित करने पर जोर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत से हुआ। इसके साथ ही शाला के उत्कृष्ट विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षा के लिए बेहतर वातावरण स्थापित करने हेतु अपने अनुभव साझा किये गये। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों एवं सम्मानिय अतिथिगण द्वारा "पालक शिक्षक मेगा बैठक" की रूपरेखा को दिशा देने वाले महत्वपूर्ण 12 बिन्दुओं पर उपस्थित पालको के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की गई. ।इस अवसर पर प्राचार्य गोवर्धन सिंह, रविन्द्र सिंह दवे, फुलसाय मराबी, हीरालाल राजवाड़े, गया प्रसाद राजवाड़े, रामटहल राजवाड़े, विनोद जायसवाल, रविकांत भारती व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम लटोरी में गोवंशीयध्भैंस वंशीय पशुओं मेंखुरहा-चपका रोग के विरुद्ध किया गया टीकाकरण का शुभारंभ

15 अगस्त 2024 को पशु औषधालय लटोरी के अन्तर्गत ग्राम लटोरी में एफएमडी टिकाकरण का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य महेश्वर पैकरा के द्वारा किया गया टिकाकरण शुभारंभ में लटोरी पंचायत सरपंच मोहरलाल चेरवा, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य हरिलाल, जिला सहकारी समिति के प्रबंधक भोला एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक दिलीप दुबे, एवं सुखदेव मुनी महाराज, गिरवर राजवाड़े, गौतम राजवाड़े, सत्यनारायण सिंह, झम्मन सिंह, अर्जुन देवांगन, सेवानिवृत्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पी आर भगत जी एवम स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पशुपालक एवं विभागीय अमला विभीषण सिंह यसहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र



अधिकारीद्ध, शिवनाथ राम यपी ए आई डब्लूद्ध, कुण् अंजनी सिंह यप्रशिक्षुद्ध आदि उपस्थित रहे। जिले के सभी पशुपालकों से अनुरोध सह अपील है कि जिले में चल रहे सघन टीकाकरण अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने पशुधनों की सुरक्षा हेतु शत् प्रतिशत टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें जिससे हमारा जिला एफ0एम0डी0 रोग मुक्त हो सके। इसके साथ ही पशुपाल. कों एवं किसान से खुले में पशुओं को न छोड़ने की अपील की गई जिससे घुमन्तु पशुओ के कारण हो रहे दुर्घटनाओं से बचाव हो।

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
वन परिक्षेत्र अधिकारी
प्रतापपुर जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
जिला शिक्षा अधिकारी
समस्त स्टाफगण
अंबिकापुर जिला सरगुजा (छ,ग)

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
वन परिक्षेत्र अधिकारी
समस्त स्टाफगण
वन परिक्षेत्र रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
वन परिक्षेत्र अधिकारी
श्रीनगर जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
माँ तुझे सलाम
वन परिक्षेत्र अधिकारी
कुदरगढ़ जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
वन परिक्षेत्र अधिकारी
ओड़गी जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
सुंदर साय पैकरा
एस,डी,ओ
आरईएस जनपद पंचायत रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
संजय राय
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
एवं स्टाफगण जनपद
पंचायत रामानुजनगर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
वन परिक्षेत्र अधिकारी
भैयाथान जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
उप संचालक उद्यान
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ,ग

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
माँ तुझे सलाम
लोक निर्माण विभाग
अंबिकापुर जिला
सरगुजा छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
माया द्विवेदी
सेक्टर सुपरवाईजर केतका
कुरुवा महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
ग्रामोद्योग विभाग
उप संचालक रेशम
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ, ग

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
ग्रामोद्योग विभाग
उप संचालक रेशम
जिला सूरजपुर छ, ग

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
अनिल कुमार
तिवारी
C-E-O
जनपद पंचायत राजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
आबकारी विभाग
जिला बलरामपुर रामानुजगंज

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
उप संचालक उद्यान
जिला सूरजपुर छ,ग

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
P-W-D
विभाग
जिला सरगुजा छ, ग

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
महिला बाल विकास एवं
परियोजना जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
15 AUGUST
महिला बाल विकास एवं
परियोजना अंबिकापुर, जिला सरगुजा
INDEPENDENCE DAY

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
माँ तुझे सलाम
P-W-D विभाग
जिला सूरजपुर छ, ग

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
C-E-O
जनपद पंचायत बलरामपुर छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
C-E-O
जनपद पंचायत सरगुजा छत्तीसगढ़

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
C-E-O
जनपद पंचायत जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
खाद्य विभाग–सूरजपुर
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
खाद्य विभाग–सरगुजा
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
खनिज विभाग
जिला सूरजपुर छ, ग

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.
खनिज विभाग
जिला सरगुजा छ, ग

समाचार पत्र व चैनल
पिलखाभूमि
..अनदेखा सच..
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
PRGI.CHHHIN/2023/88305
सदस्यता शुल्क Rs.999
क्या आप एक पत्रकार है या बनाना चाहते
है मीडिया जगत में अपना कैरियर
अभी सम्पर्क करें।
7583080630,7745977241

# माओवादी आतंक विरोधी अभियान के हर मोर्चे पर छत्तीसगढ़ सरकार को मिली अच्छी सफलता : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

**छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से लड़ाई में जिस मदद की आवश्यकता होगी उसे भारत सरकार उपलब्ध कराएगी**

**छत्तीसगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 30 करोड़ रुपए देने की घोषणा**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ तथा पड़ोसी राज्यों में चल रहे माओवादी आतंक विरोधी अभियान की आज रायपुर में समीक्षा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में माओवादी आतंक विरोधी अभियान में छत्तीसगढ़ सरकार को हर मोर्चे पर बहुत अच्छी सफलता मिली है। पिछले आठ माह में माओवादी आतंक को रोकने के लिए छत्तीसगढ़ में जितना कार्य हुआ है, उतना कभी नहीं हुआ। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रशंसा करते हुए कहा कि माओवादियों का एरिया बहुत सीमित रह गया है। छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल विरोधी अभियान में बहुत अच्छी कार्रवाई कर रही है। जितनी तेज और प्रभावी कार्यवाही साय सरकार ने 8 माह में की, जिसमें 150 माओवादी आतंकवादी न्यूट्रेलाइज किए गए और इससे 4 गुना ज्यादा लोगों ने आत्मसमर्पण किया, वह पूरे भारत में आज तक कहीं नहीं हुआ। इस कार्यवाही में उन्होंने और तेजी लाने के उन्होंने निर्देश दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री से मैं लगातार बात करता हूं, छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से लड़ाई में जिस मदद की आवश्यकता होगी उसे भारत सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की एजेंसियों को मिलकर नक्सलियों की वित्तीय कड़ी को तोड़ने का कार्य करना चाहिए।



टैक्स एजेंसियों को भी संवेदनशील होकर नक्सलियों की वित्तीय कड़ियों को तोड़ने के लिए करवाई करनी चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने नक्सल प्रभावित इलाकों में कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम चलाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को शासकीय योजनाओं, प्रक्रियाओं और इंटेंट के बारे में सही इन्फॉर्मेशन दी जाए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी जाए। ये हमें सुनिश्चित करना होगा कि केंद्र और राज्य की सभी 300 योजनाओं का शत प्रतिशत सैचुरेशन हो, उनका पूर्ण क्रियान्वयन हो। ऐसे क्षेत्र जहां माओवादी आतंक खत्म हो गया है, वहां ये समस्या दोबारा पैदा ना हो, ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इन क्षेत्रों में लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी हथियार वाले आन्दोलन को लोगों में सरकार के प्रति विश्वास पैदा करके ही समाप्त किया जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस के आधुनिकीकरण के लिए 30 करोड़ देने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, माओवादी आतंक विरोधी अभियान की प्रगति और भावी योजनाओं पर प्रस्तुतिकरण दिया। इस पर विचार–विमर्श के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ के माओवादियों में से अधिकाधिक, आत्म समर्पण करना चाहते हैं, हमें समर्पण योजना की व्यापक जानकारी रखनी चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आईबी, एनआइए, सीआरपीफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी के महानिदेशक, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खोंगापानी में आबकारी विभाग द्वारा की गयी कार्रवाई

एमसीबी 23 अगस्त 2024 सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं जिले के विभागीय नोडल अधिकारी सह सहायक आयुक्त आबकारी आशीष कोसम से प्राप्त निर्देशों के पालनार्थ अवैध मदिरा के रोकथाम, मदिरा में मिलावट, निर्धारित दर से अधिक दर पर मदिरा विक्रय इत्यादि अनियमितताओं के रोकथाम को ध्यान में रखते हुए जिले के आबकारी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों के विभिन्न दलों का गठन कर जिले में अवस्थित समस्त मदिरा दुकानों, होटल तथा ढाबों में मदिरा अथवा




अन्य मादक द्रव्यों का सेवन, विक्रय, चौर्यनयन, संग्रहण इत्यादि जैसी कोई गतिविधियाँ न हो इस हेतु औचक निरीक्षण करते हुए आबकारी विभाग द्वारा निरंतर कार्यवाही किया जा रहा है। औचक निरीक्षण में 22 अगस्त 2024 को जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खोंगापानी में पानी मिलावट युक्त 25 नग विदेशी मदिरा गोवा स्पेशल व्हिस्की मात्रा प्रत्येक में 180 मिली कुल मात्रा 4.500 लीटर जप्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 38(क) के अन्तर्गत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। मदिरा दुकान में कार्यरत मुख्य विक्रयकर्ता, विक्रयकर्ता तथा एमपीडब्ल्यू (प्लेसमेंट कर्मचारियों ) की सेवा से पृथक किया गया है। कार्यवाही के दौरान आबकारी विभाग के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सुश्री शशिकला पैकरा, आबकारी आरक्षक विनोद मिश्रा तथा सुदर्शन प्रसाद चौधरी जिला मनेन्द्रगढ–चिरमिरी–भरतपुर उपस्थित रहे। आगे भी विभाग की कार्यवाही जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों वनाधिकार पत्र का फौती–नामांतरण किसान पुस्तिका पाकर हर्षित हुई सुनामनी और बुधरी

**मुख्यमंत्री और वन मंत्री को घुरवा समाज के पारंपरिक अंगवस्त्र टेकरा तुवाल पहनाकर किया सम्मानित**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को जगदलपुर प्रवास पर गुंडाधुर कृषि कॉलेज कुम्हरावंड में आयोजित महिला सम्मेलन के दौरान वन अधिकार पत्रक धारकों के फौती पर उनके वारिसानों के नाम पर फौती–नामांतरण वन अधिकार पत्र पुस्तिका का वितरण किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों किसान पुस्तिका पाकर जगदलपुर तहसील के कुम्हली निवासी धुरवा महिलाएं सुनामनी एवं बुधरी काफी हर्षित हुईं। उक्त दोनों बुजुर्ग महिलाओं ने अपने सामाजिक परम्परा के अनुसार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप को धुरवा समाज के पारंपरिक अंग वस्त्र टेकरा तुवाल (धुरवा गमछा) पहनाकर सम्मानित किया। सुनामनी एवं बुधरी ने



नामांतरित वनाधिकार पुस्तिका मिलने पर मुख्यमंत्री और वन मंत्री के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि अब उन्हें सहकारी समिति से किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने सहित खाद–बीज लेने सहूलियत होगी। बैंक से ऋण एवं अन्य कार्यों में इससे मदद मिलेगी। ज्ञात हो कि बस्तर के धुरवा जनजाति समाज में अपने घर आये मेहमान को टेकरा तुवाल भेंटकर सम्मानित करने की परम्परा है।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री साय की विशेष पहल पर वनाधिकार मान्यता पत्र धारकों की मृत्यु होने पर उनके वरिसानों के नाम पर फौती–नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सम्बंधित वरिसानों को किसान पुस्तिका देने का निर्णय लिया गया है। इसकी विधिवत् शुरूआत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जगदलपुर में फौती नामांतरित किसान पुस्तिका संबंधित वारिसानों को अपने हाथों प्रदान कर की। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बताया कि राज्य शासन के उक्त निर्णय के अनुरूप बस्तर जिले में करीब 1200 से अधिक मृतक वनाधिकार पट्टेधारकों का चिन्हांकन कर उनके वरिसानों को नामांतरित किसान पुस्तिका दिए जाने का अभियान चलाया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर का निरीक्षण किया

जशपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जिला जशपुर के तालुका न्यायालय, व्यवहार न्यायालय बगीचा और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत हुए। मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा व्यवहार न्यायालय बगीचा के निरीक्षण उपरांत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां पहुंचने पर मुख्य न्यायाधिपति का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अधिवक्ताओं ने स्वागत किया।मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर के कोर्ट के संचालन के लिए बने विभिन्न अनुभाग अभिलेखागार, कंप्यूटर सर्वर रूम, फर्स्ट एड क्लीनिक, मालखाना, बच्चों के लिए बने किलकारी कक्ष, कुटुम्ब न्यायालय, अधिवक्ता कक्ष सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया और अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों से चर्चा के दौरान कहा कि मैं आज लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय कर बिलासपुर से आप लोगों से मिलने और आप लोगों की समस्याओं से अवगत होने के लिए आया हूं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ के दूरस्थ क्षेत्रों में बने न्यायालय में



जाकर वे वहां की व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, ताकि वहां पर किसी भी प्रकार की कमी हो तो सुधार किया जा सके और न्याय व्यवस्था आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने किलकारी कक्ष के निरीक्षण के दौरान वहां पर मौजूद कक्षा पहली में पढ़ने वाले मयंक यादव से बात की और उसे उपहार प्रदान करते हुए उक्त बालक के साथ फोटो भी लिया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश हिरेन्द्र सिंह टेकाम भी मुख्य न्यायाधिपति के साथ मौजूद रहे। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने अधिवक्ताओं से चर्चा के दौरान कहा की वे यहां पहली बार आ रहे हैं। जशपुर जिले का नैसर्गिक सौंदर्य सहज ही आकर्षित करने वाला है, जशपुर जिला छत्तीसगढ का कश्मीर है। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने कहा कि न्याय की व्यवस्था को सुदूर अंचल तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय को डिजिटल किया गया है ताकि किसी भी स्थान से अधिवक्ता वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी अपने प्रकरण में जिरह कर सकें। अन्य सुविधा के लिए मोबाईल एप भी बनाए गए हैं, जिसके माध्यम से सुदूर अंचल के निवासी एवं गरीब पक्षकार भी लाभ प्राप्त कर समय एवं पैसे का बचत कर सके। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने जशपुर जिले के व्यवहार न्यायालय कुनकुरी के न्यायालय एवं सभी अनुभाग का निरीक्षण भी किया एवं अधिवक्ताओं से सौजन्य मुलाकात किया। मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा उक्त न्यायालयों के रख–रखाव एवं व्यवस्था पर संतुष्टि व्यक्त किया एवं भविष्य में अधिक बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्रिम सुधार हेतु प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद वर्मा, संयुक्त रजिस्ट्रार सह पीपीएस एम. वी.एल.एन. सुब्रहमन्यम, प्रोटोकॉल ऑफिसर आर.एस. नेगी एवं पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह एवं पुलिस के अन्य अधिकारी, कमर्चारी, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भागवत नारायण सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय जशपुर, व्यवहार न्याया




# रक्षाबंधन के पर्व पर आकर्षक राखियॉ बना रही है कुमुड़कट्टा की महिलाएं

**महतारी वंदन योजना से मिल रही राशि का राखी बनाने में कर रही हैं उपयोग**

**समूह की महिलाओं ने कहा कि मुख्यमंत्री जी एक बड़े भाई के रूप में छत्तीसगढ़ की महिलाओं का रख रहें हैं ख्याल**




बालोद, 19 अगस्त 2024 भाई–बहन के अनूठे रिश्ते के पर्व रक्षाबंधन के अवसर पर आकर्षक राखियॉ बना रही है बालोद जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम कुमुड़कट्टा की महिलाएं। सुदूर वनांचल के इस ग्राम में जय मॉ पहाड़ों वाली स्वसहायता समूह की 12 महिलाओं द्वारा आकर्षक राखियॉ बनाई जा रही है, जिसमें वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में महतारी वंदन योजना से हर माह मिल रही राशि का भी उपयोग कर रहीं हैं। समूह द्वारा तैयार किए जा रहे आकर्षक राखियों में धान, चांवल, बीज, बांस, मोर पंख सहित रेशमी धागों का उपयोग किया गया है। जिला प्रशासन बालोद के सहयोग से इन राखियों की पैकेजिंग ''बालोद बंधन'' के नाम से की गई है। जय मॉ पहाड़ों वाली स्वसहायता समूह की अध्यक्ष कुसुम सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष उनके समूह द्वारा लगभग 40 हजार राखियॉ तैयार की गई है, जिसका विक्रय बालोद जिले के साथ ही अन्य जिलों में भी किया गया है। उन्हें इस वर्ष राखियों की बिक्री से लगभग 02 लाख 50 हजार रूपए मुनाफे की उम्मीद है। कुसुम सिन्हा ने राज्य शासन की महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए बताया कि उनके समूह की महिलाओं को प्रतिमाह इस योजना से 01 हजार रूपये मिलता है, जिसे वे जमा कर राखी बनाने में उपयोग कर रही हैं। इस योजना के संचालन से उनकी बहुत सी छोटी–छोटी जरूरतों को भी पूरा करने में उन्हें काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एक बड़े भाई की तरह छत्तीसगढ़ की सभी महिलाओं के हित में कार्य करते हुए हम महिलाओं का ख्याल रख रहे हैं। उन्हें हम सभी महिलाएं तहेदिल से धन्यवाद देती हैं।

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.



क्रेडा विभाग
जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़

प्रधान,संपादक :– मनीष वैद्य
संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग )
पिलखा भूमि
सहायक संपादक :– विजय कुमार
बिश्रामपुर जिला सूरजपुर (छः ग.)

# राष्ट्रपति ने फरीदाबाद स्थित जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने (21 अगस्त, 2024) हरियाणा के फरीदाबाद में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 5वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया।इस मौके पर बोलते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि आज पूरी दुनिया चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में है। भारत भी इस क्रांति की चुनौतियों का सामना करने और इसके अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है। इस राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी।राष्ट्रपति यह जानकर प्रसन्न हुई कि इस विश्वविद्यालय ने पिछले कुछ वर्षों में कई औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते किए हैं। बहुत सी बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए इस विश्वविद्यालय के परिसर में उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित किए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उम्मीद जताई की कि इन सभी प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। राष्ट्रपति ने




कहा कि वर्तमान में प्रौद्योगिकी के विकास के कारण प्रगति के अनेक रास्ते खुल गए हैं। उदाहरण के लिए, दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच ने ऑनलाइन रोजगार के अनेक अवसर पैदा किए हैं। लेकिन, हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि प्रौद्योगिकी का उपयोग उचित तथा सतत विकास और जनहित के लिए किया जाना चाहिए। इसका गलत उपयोग विनाशकारी हो सकता है।राष्ट्रपति ने युवाओं को कुशल और आत्म–निर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि इस विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों की शानदार सूची है, जो देश–विदेश में अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को पूर्व छात्र संघ के योगदान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कदम उठाने की सलाह दी।राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि इस विश्वविद्यालय का नाम महान वैज्ञानिक और आधुनिक विज्ञान के प्रणेता जगदीश चंद्र बोस के नाम पर रखा गया है, जो संभवतः दुनिया के पहले वैज्ञानिक थे, जिन्होंने वैज्ञानिक रूप से यह साबित किया कि पेड़–पौधों में भी भावनाएं होती हैं। उनकी क्रांतिकारी खोज ने वनस्पति जगत को देखने का हमारा नजरिया बदल दिया। उन्होंने छात्रों से उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने और प्रौद्योगिकी के जरिए से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आग्रह किया।राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की समृद्ध विरासत हमें हमेशा गौरवान्वित करती है। युवा इस समृद्ध विरासत का हिस्सा हैं और उन्हें इसका ध्वजवाहक बनना है। उन्होंने छात्रों को अपनी योग्यताओं और क्षमताओं पर भरोसा करने और अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी।

# भारत और यूक्रेन के बीच कृषि, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता में सहयोग के लिए चार समझौते हुए है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंचे. मॉस्को की यात्रा के सिर्फ छह सप्ताह बाद हो रही उनकी इस यात्रा पर दुनिया भर की निगाहें हैं. इस दौरान वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ, रूस–यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर बातचीत की. अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए. भारत और यूक्रेन के बीच कृषि, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता में सहयोग के लिए चार समझौते हुए है. बता दें, यूक्रेन के 1991 में स्वतंत्र होने के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है. पीएम मोदी की यह यात्रा इसलिए भी खास है कि क्यों बीते करीब ढ़ाई सालों से रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ा हुआ ह

**समझौते के दस्तावेज**

**01.कृषि और खाद्य उद्योग के क्षेत्र में सहयोग पर भारत गणराज्य सरकार और यूक्रेन सरकार के बीच समझौता।** सूचना के आदान–प्रदान, संयुक्त वैज्ञानिक अनुसंधान, अनुभव के आदान–प्रदान, कृषि अनुसंधान में सहयोग, संयुक्त कार्य समूहों के निर्माण आदि क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देकर कृषि और खाद्य उद्योग के क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग का विस्तार करता है।**02.चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र में सहयोग पर केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और यूक्रेन की औषधि एवं औषधि नियंत्रण राज्य सेवा के बीच समझौता** इसमें मुख्य रूप से सूचना के आदान–प्रदान, क्षमता निर्माण, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण और आपसी यात्राओं के माध्यम से विनियमन, सुरक्षा और गुणवत्ता पहलुओं में सुधार सहित चिकित्सा उत्पादों पर सहयोग की परिकल्पना की गई है।**03 उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए भारतीय मानवीय अनुदान सहायता के संबंध में भारत गणराज्य सरकार और यूक्रेन के मंत्रिमंडल के बीच समझौता**यह समझौता ज्ञापन भारत द्वारा यूक्रेन में सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए अनुदान सहायता प्रदान करने के लिए रूपरेखा तैयार करता है। एचआइसीडीपी के तहत परियोजनाएं यूक्रेन के लोगों के लाभ के लिए यूक्रेन सरकार के साथ साझेदारी में शुरू की जाएंगी।**04.भारत गणराज्य सरकार के संस्कृति मंत्रालय और यूक्रेन के संस्कृति और सूचना नीति मंत्रालय के बीच वर्ष 2024–2028 के लिए सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम**।इसका उद्देश्य भारत और यूक्रेन के बीच सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करना है, जिसमें रंगमंच, संगीत, ललित कला, साहित्य, पुस्तकालय और संग्रहालय कार्य के क्षेत्र में सांस्कृतिक आदान–प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देना, साथ ही मूर्त और अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और संवर्धन करना शामिल है।**पीएम मोदी का जोरदार स्वागत** ोलैंड से करीब 10 घंटे की ट्रेन यात्रा के बाद पीएम मोदी यूक्रेन पहुंचे. हयात होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया. इसके तुरंत बाद मोदी ने यूक्रेन राष्ट्रीय संग्रहालय में शहीदों पर आधारित एक मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का मुआयना किया, जहां यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गर्मजोशी से प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया और उन्हें गले लगाया. भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष में जान गंवाने वाले बच्चों की याद में स्थापित मार्मिक प्रदर्शनी देखकर प्रधानमंत्री भावुक हो गए. मोदी ने इस पर शोक जताया और मारे गए बच्चों के सम्मान में उन्हें याद करते हुए एक खिलौना रखा



# नेपाल में भारतीय यात्री बस नदी में गिर गई. बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी. हादसे में अबतक 27 लोगों की मौत हो चुकी है.

नेपाल में भारतीय यात्री बस के नदी में गिर गई. इस हादसे में 27 लोगों के मारे जाने की खबर है. वहीं हादसे में 16 से ज्यादा लोग घायल हो गये है. उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की यह बस पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी यह तनहुन जिले के आइना पहारा में राजमार्ग से पलट गई. बस में चालक और सह–चालक समेत 43 लोग सवार थे.**27 लोगों की मौत**मध्य नेपाल में भारत की नंबर प्लेट वाली एक बस के मार्सयांगडी नदी में गिरने से 27 लोगों की मौत हो गई. न्यूज एजेंसी पीटीआई की एक रेपोर्ट के मुताबिक हादसे 16 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 लोगें ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माधव पौडेल के नेतृत्व में एक टीम दुर्घटनास्थल पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया.समाचार पोर्टल 'माई रिपब्लिका' की खबर के मुताबिक, बस में सवार यात्री 104 भारतीय तीर्थयात्रियों के एक समूह का हिस्सा थे, जो दो दिन पहले हिमालयी देश की 10–दिवसीय यात्रा के लिए तीन बसों में सवार होकर महाराष्ट्र से नेपाल पहुंचे थे. तीर्थयात्री जलगांव जिले के भुसल गांव से आए थे. पोखरा में दो दिन घूमने के बाद तीनों बस शुक्रवार सुबह राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुई थी. पिछले महीने दो बसें नेपाल में भूस्खलन के कारण उफनती त्रिशूली नदी में बह गईं थीं. इसमें 65 यात्री सवार थे.

# मौसम मेहरबान मानसून तेज, दिल्ली–मुंबई में भारी बारिश का अलर्ट, बिहार–झारखंड में भी मौसम बदले

दिल्ली–छब्ब समेत उत्तर भारत में मौसम मेहरबान है. शुक्रवार को कई राज्यों में जोरदार बारिश हुई. हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत पहाड़ी राज्यों में भी मानसून अपने पूरे जोर पर है. कई इलाकों में जोरदार बारिश हो रही है. मौसम विभाग ने मुंबई में भी भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने कहा है कि शनिवार को यहां बारिश की संभावना है. कई राज्यों के विभिन्न इलाकों के लिए मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है. आइए जानते हैं आज उत्तर भारत समेत पूरे देश में कैसा रहेगा मौसम.**दिल्ली में बारिश को लेकर येलो अलर्ट** दिल्ली में दो दिनों की छिटपुट बारिश के बाद शुक्रवार से एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है. मौसम विभाग ने कहा है कि शनिवार को राजधानी में आसमान में बादल छाए रहेंगे. कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है. यहां बारिश का सिलसिला अगस्त के अंतिम सप्ताह में भी जारी रहेगा. आज मौसम विभाग ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है**राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान** राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी है और मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों तक राज्य के कई जिलों में यह सिलसिला जारी रहने का पूर्वानुमान लगाया है. मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार शुक्रवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक, बीते 24 घंटों में टोंक, झुंझुनू, उदयपुर तथा चितौड़गढ़ जिले में कहीं–कहीं भारी तथा पाली जिले में कुछ स्थानों पर मूसलाधार बारिश दर्ज की गई. जयपुर मौसम केंद्र के प्रभारी राधेश्याम शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को एक कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों व आसपास एवं झारखंड के ऊपर बना हुआ है. वहीं एक अन्य कम दबाव का क्षेत्र महाराष्ट्र तट पर अरब सागर की खाड़ी में बन रहा है. इसके कारण राजस्थान के कई इलाकों में अगले पांच से छह दिन बारिश जारी रहेगी. प्रदेश के जयपुर, भरतपुर , कोटा, अजमेर, उदयपुर संभाग के विभिन्न स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी. कहीं–कहीं मूसलाधार बारिश की भी प्रबल संभावना है**मुंबई में बारशि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी** मौसम वभिाग का अनुमान है क िमुंबई में आज यानी शनविार को जोरदार बारशि हो सकती हैण् आईएमडी ने आज के लएि मुंबईए ठाणेए पालघरए रायगढ़ए रत्नागरिीए पुणेए साताराए अमरावतीए भंडाराए गोंदयिा और चंद्रपुर के लएि ऑरेंज अलर्ट जारी कयिा हैण् वभिाग ने कहा है क िइन इलाकों में आज भारी बारशि भी हो सकती हैण्**झारखंड में होगी बारिश** झारखंड में भी बारिश का सिलसिला जारी है. मौसम विभाग ने कहा है कि शनिवार से लेकर सोमवार तक झारखंड में बारिश की संभावनी है. शुक्रवार को राजधानी रांची समेत कई इलाकों में जोरदार बारिश हुई. मौसम विभाग का अनुमान है कि 23, 24, 25 और 26 अगस्त को अलग–अलग हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान है.**बिहार में होगी बारिश** बिहार के कई जिलों में बारिश का दौर आज भी जारी रहेगा. मौसम विभाग ने बिहार में बारिश की संभावना जताई है. विभाग ने कहा है कि शनिवार (24 अगस्त) को राज्य के अधिकतर हिस्सों में झमाझम बारिश हो सकती है. बांग्लादेश और पूर्वोत्तर बिहार के ऊपर बने कम दबाव की वजह से पूर्वी भारत में एक मानसूनी सिस्टम एक्टिव है. जिससे बारिश की प्रबल संभावना बनी हुई है...

# धर्मेंद्र प्रधान ने चंद्रयान–3 की लैंडिंग की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर ई–पत्रिका 'सपनों की उड़ान' का शुरुआती संस्करण जारी किया





भारत के राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर, शिक्षा मंत्रालय के तहत स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने एनसीईआरटी के सहयोग से चंद्रयान–3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की पहली वर्षगांठ मनाने के लिए एक ई–पत्रिका 'सपनों की उड़ान' जारी की।केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर शुरुआती संस्करण जारी किया। लॉन्च कार्यक्रम में शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।ई–पत्रिका 'सपनों की उड़ान' के वर्चुअल लॉन्च के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संदेश में ई–पत्रिका के लॉन्च की सराहना करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों को पूरा करेगा, जिसमें शिक्षा को सुलभ और न्यायसंगत बनाना शामिल है। इससे छात्र 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रिका का वर्तमान विषय 'अंतरिक्ष' हमारे बच्चों की कल्पना की विशालता के साथ प्रतिध्वनित होता है।कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने अपने संदेश में कहा कि कैसे यह दिन देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकदम सही पृष्ठभूमि प्रदान करता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रयास हमारे छात्रों में वैज्ञानिक सोच की भावना पैदा करेगा। शुरुआती संस्करण का विमोचन करते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव श्री संजय कुमार ने कहा कि यह ई–पत्रिका पूरे भारत के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा दी गई कविताओं, निबंधों, कहानियों, उपाख्यानों और पहेलियों का एक आकर्षक मिश्रण है। उन्होंने कहा कि अभी ई–पत्रिका त्रैमासिक आधार पर है, लेकिन समय के साथ यह मासिक हो जाएगी।इस कार्यक्रम में अपर सचिव श्री विपिन कुमार, एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. डी.पी. सकलानी, सीबीएसई के अध्यक्ष राहुल सिंह, शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री प्राची पांडे, एनआईओएस अध्यक्ष प्रो. सरोज शर्मा, एनसीईआरटी की प्रो. ज्योत्सना तिवारी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी त्रैमासिक ई–पत्रिका के ऐसे उपयुक्त समय पर शुभारंभ पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और यह उम्मीद जताई कि सभी हितधारकों के सहयोग से ऐसा परिणाम निकलेगा, जो लंबे समय में सभी के लिए फायदेमंद होगा. ।ई–पत्रिका का प्रथम अंक तथा उसके बाद के सभी अंक एनसीईआरटी पोर्टल (ई– मैगजीन लिंक पीडीएफः **https://ncert.nic.in/pdf/announcement/Sap-noKiUdaan.pdf)** और ि प ल प ब ु क **https://ncert.nic.in/flipbook/SapnoKiUdaan/#page=1**पर सभी पाठकों के लिए ऑनलाइन उपलब्ध रहेंगे।

# केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने राजस्थान के उदयपुर में जीएसटी भवन का उद्घाटन किया



केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज राजस्थान के उदयपुर में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत सीजीएसटी, उदयपुर आयुक्तालय के एक आधिकारिक परिसर, जीएसटी भवन का उद्घाटन किया। लोकसभा सांसद मन्ना लाल रावत, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, सीबीआईसी के सदस्य शशांक प्रिय, सीबीआईसी के सदस्य राजीव तलवार, सीबीआईसी के सदस्य सुरजीत भुजबल, सीजीएसटी जयपुर जोन के मुख्य आयुक्त महेंद्र रंगा, सीबीआईसी के वरिष्ठ अधिकारी और सीजीएसटी उदयपुर आयुक्तालय और जयपुर जोन के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने मुख्य भाषण में, उदयपुर आयुक्तालय के आर्थिक महत्व को स्वीकार करते हुए कहा कि यह एक ऐसे केंद्र में संचालित होता है जहां जस्ता, सीसा, चांदी, सीमेंट, उर्वरक और टायर जैसी वस्तुओं का उत्पादन होता है। उन्होंने कोविड–19 महामारी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद निर्धारित बजट के भीतर और समयानुसार महत्वपूर्ण परियोजना को पूरा किए जाने की सराहना की।सीतारमण ने करदाताओं के लिए सुविधाएं और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त कार्यस्थल उपलब्ध करने में गुणवत्ता और दूरदर्शिता के प्रति परियोजना के पालन पर प्रकाश डाला और परियोजना के प्रबंधन के साथ–साथ बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की तैयारी में अधिकारियों और एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने जीएसटी क्षेत्रों और आयुक्तालयों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने के लिए 2019 से सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में बताया। सीतारमण ने सकारात्मक संवाद के माध्यम से समाधानों को समन्वित करने के लिए व्यापार और कर विभाग के अधिकारियों के बीच नियमित बातचीत को भी प्रोत्साहित किया। उन्होंने जीएसटी से संबंधित शिकायतों के त्वरित निवारण का आग्रह किया और आगे सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए क्षेत्रवार आउटरीच कार्यक्रमों की सिफारिश की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अंतिम उपाय के रूप में कड़े उपायों के साथ जीएसटी कानून के सहज कार्यान्वयन की वकालत की।केंद्रीय वित्त मंत्री ने सीमा शुल्क संचालन के लिए एक हैंडहेल्ड डिवाइस आइसटेब 2.0 भी लॉन्च किया। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि यह तत्क्षण जांच रिपोर्ट अपलोड करने और कार्गो की त्वरित निकासी में मदद करेगा. ।इससे पहले अपने स्वागत भाषण में सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि सीजीएसटी उदयपुर भवन आधुनिक, ऊर्जा कुशल और भारत सरकार के हरित भवनों के मानदंडों के अनुरूप है।यह परिसर उदयपुर के सबसे पसंदीदा स्थानों में से एक पर स्थित है। यह परियोजना प्रमुख जिलों से उदयपुर आयुक्तालय के बीच कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले मार्गों पर स्थित है। इससे जीएसटी करदाताओं के लिए यहां पहुंचना काफी आसान है। यह उदयपुर रेलवे स्टेशन से लगभग 2.5 किमी और बस स्टैंड से 3.5 किमी की दूरी पर स्थित है।

# केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी.नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल और श्री प्रतापराव जाधव की उपस्थिति में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के राष्ट्रीय मेडिकल रजिस्टर पोर्टल का शुभारंभ किया

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की उपस्थिति में और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव की वर्चुअल उपस्थिति में आज यहां भारत में पंजीकरण के लिए पात्र सभी एमबीबीएस डॉक्टरों के पंजीकरण के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) पोर्टल का उद्घाटन किया।राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (एनएमआर) एनएमसी अधिनियम, 2019 की धारा 31 के तहत अनिवार्य है, जिसमें कहा गया है कि एनएमसी का एथिक्स और मेडिकल रजिस्ट्रेशन बोर्ड (ईएमआरबी) इलेक्ट्रॉनिक रूप में एक लाइसेंस प्राप्त मेडिकल प्रैक्टिशनर के नाम, पता और सभी मान्यता प्राप्त योग्यताओं का एक राष्ट्रीय रजिस्टर बनाए रखेगा। एनएमआर भारत में सभी एलोपैथिक (एमबीबीएस) पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक और डायनेमिक डेटाबेस होगा। एनएमआर की विशिष्टता यह है कि यह डॉक्टरों की आधार आईडी से जुड़ा हुआ है जो व्यक्ति की प्रामाणिकता सुनिश्चित करता है।कार्यक्रम में बोलते हुए, नड्डा ने एनएमसी और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की ''उनकी कड़ी मेहनत और राष्ट्रीय स्वास्थ्य रजिस्टर लाने के लिए सराहना की, जो भारत में सभी एलोपैथिक (एमबीबीएस) पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक और डायनेमिक डेटाबेस होगा।'' उन्होंने कहा कि "प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण भारत को डिजिटल रूप से मजबूत बनाना है और यह तब हो सकता है जब स्वास्थ्य ईकोसिस्टम भी डिजिटल रूप से मजबूत हो। राष्ट्रीय स्वास्थ्य रजिस्टर इस दिशा में एक बहुप्रतीक्षित कदम है जो डिजिटल स्वास्थ्य देखभाल ईकोसिस्टम को मजबूत करेगा और सुनिश्चित करेगा भारत के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी।'' उन्होंने आगे कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया में निरंतर सुधार के साथ राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर को उन्नत और मजबूत किया जाएगा।. राज्य चिकित्सा परिषदों (एसएमसी) की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, श्री नड्डा ने कहा कि ''राज्य चिकित्सा परिषदें राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर के विकास और रखरखाव और पंजीकरण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में प्रमुख हितधारक हैं।'' उन्होंने एसएमसी से ''उनकी सक्रिय भागीदारी और पंजीकरण प्रक्रिया को तेज करने'' का आग्रह किया क्योंकि उनके ''प्रमाणीकरण के प्रयास और गति एनएमआर की सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक होगी''। उन्होंने आगे कहा कि ''हम पैरामेडिक्स और अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के लिए एक समान रजिस्टर लॉन्च करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं।''एनएमआर के लॉन्च को ''एक महत्वपूर्ण अवसर'' बताते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि "राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर की आवश्यकता बहुत लंबे समय से महसूस की जा रही है। एनएमआर महत्वपूर्ण है क्योंकि देश भर के डॉक्टरों का प्रामाणिक डेटा महत्वपूर्ण है। आज तक डॉक्टरों का डेटा बिखरे हुए रूप में है, जिसमें संशोधन और अपग्रेडेशन की आवश्यकता है, और एनएमआर पोर्टल यह सुनिश्चित करेगा। आसान पंजीकरण प्रक्रिया प्रामाणिक डेटा के रखरखाव को सुनिश्चित करेगी। जानकारी की यह प्रामाणिकता बहुत मायने रखती है क्योंकि भारत एक विशाल डिजिटल स्वास्थ्य ईकोसिस्टम बनाना चाहता है और डॉक्टरों की डिजिटल रजिस्ट्री बनाना उसके लिए एक महत्वपूर्ण स्तंभ होगा।एनएमआर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि एनएमआर पोर्टल देश में डॉक्टरों पर डायनेमिक, प्रामाणिक और समेकित डेटा सुनिश्चित करेगा। पोर्टल पर त्वरित और आसान पंजीकरण प्रक्रिया से डेटा को समय पर अपडेट करने में सुविधा होगी। इससे चिकित्सा पेशेवरों में पारदर्शिता और गुणवत्ता आएगी और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में लोगों का विश्वास सुनिश्चित होगा, क्योंकि उन्हें पारदर्शी तरीके से सत्यापित जानकारी मिलेगी। सरकार प्रधानमंत्री के ''सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन'' के दृष्टिकोण के तहत काम कर रही है, और एनएमआर का शुभारंभ लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।कार्यक्रम में बोलते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि "आज तक, व्यापक डेटा का अभाव था जो देश में डॉक्टरों की कुल संख्या, देश छोड़ने वाले डॉक्टरों की संख्या जैसे पहलुओं की विस्तृत और समग्र तस्वीर प्रदान कर सके। जिन्होंने प्रैक्टिस करने का अपना लाइसेंस खो दिया है, या उन डॉक्टरों की संख्या और विवरण जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। एनएमआर के लॉन्च से इसके 13 लाख से अधिक डॉक्टरों के डेटा का प्रावधान सुहो जाएगा।'' चंद्रा ने आगे कहा कि ''एनएमआर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हेल्थकेयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री का एक हिस्सा होगा और इसमें चिकित्सा पेशेवरों के सभी विवरण शामिल होंगे।''डॉ. बी.एन. गंगाधर, अध्यक्ष, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, एल.एस. चांगसन, अतिरिक्त सचिव और सीईओ (एनएचए), डॉ. बी. श्रीनिवास, डीडीजी (एमई) और सचिव, चिकित्सा आयोग, वी. हेकाली झिमोमी, अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, पुष्पेंद्र राजपूत, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, किरण गोपाल वास्का, संयुक्त सचिव, आईडी एवं एमडी (एबीडीएम), राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, डॉ. विजय ओझा, अध्यक्ष, पीएमईबी, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग , डॉ. बी. श्निवास, डीडीजी (एमई) और सचिव, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, डॉ. विजया लक्ष्मी नाग, सदस्य, ईएमआरबी, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में राज्य चिकित्सा परिषदों के प्रतिनिधि भी वर्चुअली शामिल हुए।पृष्ठभूमिः एनएमआर भारत में सभी एलोपैथिक (एमबीबीएस) पंजीकृत डॉक्टरों के लिए एक व्यापक डायनेमिक डेटाबेस होगा। एनएमआर की विशिष्टता यह है कि यह डॉक्टरों की आधार आईडी से जुड़ा हुआ है जो व्यक्ति की प्रामाणिकता सुनिश्चित करता है। एनएमआर में पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया एक बहुत ही सरल ऑनलाइन प्रक्रिया है और सभी मेडिकल कॉलेजध्संस्थान (राष्ट्रीय महत्व के संस्थान (आईएनआई) आदि , एसएमसी पोर्टल पर आपस में जुड़े हुए हैं। कुछ डेटा जनता को दिखाई देगा और अन्य केवल राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी), राज्य चिकित्सा परिषदों (एसएमसी), राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) और मेडिकल में नैतिकता और चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड (ईएमआरबी), मेडिकल संस्थान (आईएनआई आदि सहित) और पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर (आरएमपी) को आवश्यकताओं के अनुसार दिखाई देगा।पंजीकरण और योग्यता प्रमाण–पत्र जैसे अतिरिक्त विवरण पोर्टल के माध्यम से मैन्युअल रूप से दर्ज और जमा किए जा सकते हैं। इसके बाद, आवेदन स्वचालित रूप से सत्यापन के लिए संबंधित राज्य चिकित्सा परिषद को भेज दिया जाता है। इसके बाद एसएमसी आवेदन को आगे की समीक्षा के लिए संबंधित कॉलेज या संस्थान को भेज देगी। राज्य चिकित्सा परिषद द्वारा सफल सत्यापन के बाद, आवेदन राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को भेजा जाता है। एनएमसी सत्यापन के बाद, एक यूनीक एनएमआर आईडी जारी की जाएगी। इस प्रक्रिया के दौरान, डॉक्टर हेल्थकेयर प्रोवाइडर रजिस्ट्री में शामिल होने का विकल्प चुन सकते हैं जो उन्हें व्यापक डिजिटल हेल्थकेयर ईकोसिस्टम से जोड़ेगा. ।इस पोर्टल के माध्यम से, एसएमसी और शैक्षणिक संस्थानों सहित सभी हितधारक एक ही मंच से लॉग इन कर सकते हैं और आवेदनों को सत्यापित कर सकते हैं। एनएमआर पोर्टल विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ प्रदान करता है, जिसमें अतिरिक्त योग्यताएँ जोड़ने, अनुप्रयोगों को ट्रैक करने, लाइसेंस निलंबित करने और एनएमआर आईडी कार्ड और डिजिटल डॉक्टर प्रमाणपत्र जारी करने की क्षमता शामिल है। एनएचए एनएमआर के विकास के लिए आगे सहायता प्रदान करेगा, जिसमें भविष्य में पोर्टल का उन्नत संस्करण जारी करना भी शामिल है। इसमें अगले सॉफ्टवेयर के साथ सीधा एकीकरण, सतत चिकित्सा शिक्षा और क्रेडिट पॉइंट शामिल होंगे।सभी एमबीबीएस डॉक्टर जो पहले से ही भारतीय मेडिकल रजिस्टर (आईएमआर) पर पंजीकृत हैं, उन्हें एनएमसी के एनएमआर पर फिर से पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण शुरू करने के लिए, डॉक्टर को डिग्री (एमबीबीएस) प्रमाणपत्र, राज्य मेडिकल काउंसिलध्मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया का पंजीकरण प्रमाण पत्र, जहां डॉक्टर ने पहली बार पंजीकरण कराया था, की एक डिजिटल प्रति तैयार रखनी होगी। प्रक्रिया शुरू करने के लिए डॉक्टर के पास आधार नंबर भी तैयार होना चाहिए। एनएमआर में पंजीकरण के लिए लिंक ीजजचेः **https://nmr-nmc.abdm.gov.in/nmr/v3/** है।

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से कुनकुरी विधानसभा के ग्रामीणों ने की सौजन्य मुलाकात



जशपुर जिले के ग्राम पंचायत तामासिंघा, बंदरचुआं और आश्रित ग्रामों के पंचों तथा ग्रामीणों के वार्षिक भ्रमण में अब एक नई जगह जुड़ गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के गृह ग्राम बगिया के आ. सपास के गांवों से वार्षिक भ्रमण पर राजधानी रायपुर पहुंचे ग्रामीणों ने गांव लौटने से पूर्व यात्रा के अंतिम पड़ाव में मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से अपनी यात्रा के बारे में रोचक बातें साझा की। मुख्यमंत्री ने सभी का हालचाल जाना और बारिश, खेती–किसानी सहित गांव से जुड़ी ढेर सारी बातें की। इस मौके पर ग्राम तामासिंघा के सरपंच संकेत साय पैंकरा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री साय सभी से बड़ी आत्मीयता से मिले। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस साल अच्छी बारिश हुई है और पैदावार भी अच्छी होगी। साय ने कहा कि कुनकुरी और आसपास के क्षेत्रों में पानी की समस्या रहती है, इसके लिए सिंचाई और पेयजल परियोजनाओं पर काम हो रहा है। आने वाले समय में सिंचाई के साथ अन्य समस्याएं भी दूर हो जाएगी।मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को सामुदायिक भवन के स्वीकृति की जानकारी दी और बच्चों के खेल. कूद के लिए जरूरी अधोसंरचना उपलब्ध कराने की बात कही।ग्रामीणों ने भी मुख्यमंत्री के सामने आत्मीयता से अपनी बातें रखी। यात्रा के बारे में बताया, गांव के बारे में जानकारी दी और कुछ समस्याएं भी रखीं। ग्रामीण अपनी बात उनसे ऐसे साझा कर रहे थे, मानों गांव के अपने किसी साथी को बता रहे हों। ग्रामीणों ने बताया कि साय शुरू से ही ऐसे है, वें कहीं भी रहें उनका अपने क्षेत्र और क्षेत्रवासियों से हमेशा ऐसा ही लगाव रहा है। सांसद रहते हुए भी क्षेत्र के विकास के लिए जुटे रहे और उनका यह स्वभाव आज भी नहीं बदला है। हमने उनका संघर्ष देखा है और आज जब वो प्रदेश के मुखिया है, यह बात हमें गौरव से भर देती है।गौरतलब है कि तामासिंघा और आसपास के ग्राम पंचायत के सभी पंच अपने परिजनों के साथ प्रतिवर्ष प्रदेश के विभिन्न इलाकों के भ्रमण पर निकलते है। इसी कड़ी में पंचों के प्रतिनिधिमंडल ने अपने परिजनों के साथ इस वर्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़, राजधानी रायपुर के मंत्रालय, शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम, जंगल सफारी, राम मंदिर और पुरखौती मुक्तांगन का भ्रमण किया। इस मौके पर सायनंदन राम, सुचिता लकड़ा, सचिव अनुराग तिवारी, लिवावती बाई सहित अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी को शुष्क दिवस घोषित रु सभी मदिरा दुकान पूर्णतः बंद रखने आदेश जारी




छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के आदेशानुसार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त सा. `मवार को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस में जिला सूरजपुर में संचालित समस्त देशी एवं विद. `शी मदिरा की फुटकर दुकानों रे. स्टोरेंट, होटल, बार जैसे देशी कंपोजिट सी एस 2(घघ) कंपोजिट , विदेशी मदिरा दुकान एफ.एल. –1(घघ) को 26 अगस्त सोमवार को पूर्णतः बंद रखे जाने हेतु कले. क्टर ने आदेश जारी कर दिया है। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।इस आदेश का कड़ाई से पालन करने कहा गया है।

## आवास न बनाने वालों के लिए प्रशासन सख्त, ग्राम सभाओं में आवास निरस्त के लिए हो रहे है प्रस्ताव पारित



सूरजपुर 23 अगस्त 2024 राज्य शासन के निर्देशानुसार एवम् कले. क्टर रोहित व्यास व मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले के समस्त ग्रामों में लगातार ग्राम सभा आयोजित की जा रही है। उक्त तारतम्य में जनपद पंचायत ओड़गी के ग्राम पंचायत करोटी–बी में ग्राम सभा आयोजित किया गया। जिसमें आगामी दिनों में आवास से लाभान्वित होने वाली परिवारों की दो सूची स्थाई प्रतीक्षा सूची तथा आवास प्लस सूची के क्रमशः 215 तथा 59 परिवारों के पात्रताध्अपात्रता का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2016–23 तक के 46 हितग्राही, जिन्होंने राशि लेने के पश्चात् आवास पूर्ण नहीं कराए है। उनके नामों का वाचन किया गया, 15 दिवस का अंतिम समय दिया गया इसके पश्चात् निरस्त करते हुए दी गई राशि के वसूली के लिए अनु. विभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय की ओर भेज दी जाएगी और आगामी किस्त जारी नहीं की जाएगी। उक्त नामों को ग्राम पंचायत भवन,सार्वजनिक स्थल पर चस्पा किया गया है। आगामी सूचियों में स्थाई रूप से पलायन परिवार व भूमिहीन परिवारों की लिस्ट तैयार करनी है और भूमिहीन को भूमि आबंटित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही आवास की आगामी स्वीकृति महिला मुखिया के नाम से होनी है, इसके लिए महिला का अकाउंट नंबर, आधार कार्ड (केवाईसी सहित) अद्यतन कराया जाना अनिवार्य है।उक्त ग्राम सभा में जनपद पंचायत से उपस्थित विकासखंड समन्वयक महेंद्र कुशवाहा ने कहा कि हितग्राही पर कोई कार्यवाही हो, उसके पहले अपना आवास पूर्ण करा लीजिए तथा आगामी लक्ष्य के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लें। बड़ी संख्या में आवास की स्वीकृति होनी है। ग्राम सभा में ग्राम सभा के अध्यक्ष, सरपंच, सचिव, पंच और ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## व्यंग्य सम्राट हरिशंकर परसाई की 101वीं जयंती का आयोजन



सूरजपुर 23 अगस्त 2024 शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में व्यंग्य सम्राट हरिशंकर परसाई की 101वीं जयंती के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रेमलता एक्का की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक अमित सिंह बनाफर तथा कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे छात्र यश पूर्णिमा तथा हुलसी के द्वारा संस्कृति की देवी मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप और धूप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ । सर्वप्रथम महाविद्यालय की छात्रा पूर्णिमा सिंह ने हरिशंकर परसाई का संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया । बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा हुलसी गुप्ता ने परसाई की रचना छात्र और लाउडस्पीकर का तथा बीएससी अंतिम के छात्र यश ने व्यंग्य प्रेमचंद के फटे जूते का पाठ किया । कार्यक्रम के दौरान हरिशंकर परसाई के जीवन और कृतित्व पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा निर्मित एक वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री अजय कुमार तिवारी ने बताया कि परसाई ने समाज के सुनहरे पक्ष के पीछे छिपी कुरूपता को अपने व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। हरिशंकर परसाई का व्यक्तित्व कबीर की तरह था । परसाई ने कागद की लेखी पर नहीं बल्कि आँखन देखी पर विश्वास किया ।उन्होंने समाज के मध्य तथा निम्न वर्ग के बीच रहकर सामान्य लोगोंए मजदूरए किसानए रिक्शा वालेए ठेला चलाने वालेए कुलीगिरी करने वाले से उनके मन की बातें जानकर समाज के वास्तविक रूप को पहचाना । उन्होंने समाज की वास्तविक बुराइयों और देशव्यापी भ्रष्टाचार को अपने व्यंगों का आधार बनाया । परसाई ने भेड़ें और भेड़िए व्यंग्य के माध्यम से भारतीय राजनीति की पोल खोली है । यह व्यंग्य विष्णु शर्मा रचित पंचतंत्र की परंपरा पर पशुओं के माध्यम से मानव जीवन की वि. संगतियां को प्रस्तुत करता है। परसाई उसमें बताते हैं कि किस प्रकार प्रचार तंत्र किसी भी सरकार को बनाने अथवा गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है भोलाराम का जीव निबंध में सरक. ारी कार्यालयों के भ्रष्टाचार को प्रस्तुत करते हैं। इंस्पेक्टर मातादीन चांद पर व्यंग्य में वे बताते हैं कि भ्रष्ट पुलिस तंत्र जिसे चांद की पुलिस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए चांद पर भेजा जाता है। वह वहां की व्यवस्था को भी भ्रष्ट कर देता है । भ्रष्टाचार से त्रस्त चांद का प्रशासन अंततः उसे वापस पृथ्वी पर भेज देता है। वैष्णव की फिसलन व्यंग्य का वैष्णव के धन के लालच में अपने धर्म को धंधे में तब्दील कर देता है और छोटे से शाकाहारी होटल को मांसाहारी तो बनाता है साथ ही साथ शराब तथा जीवित मानव मांस को परोसने वाले होटल में तब्दील कर देता है और उसे भगवान की आज्ञा बतलाता है। उनकी व्यंग्य रचनाएं परसाई रचनावली के 6 भागों में संकलित हैं । हरिशंकर परसाई आचरण और जीवन मूल्य को सर्वाधिक प्राथमिकता देते हैं। इस देश में मानव मूल्यों के पतन का कारण व्यक्ति के लालच और शासन की गलत नीतियों को मानते हैं ।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक अंजना ने सभी को धन्यवाद देकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की । कार्यक्रम के दौरान सहायक प्राध्यापक शालिनी शांत कुजूर भारत लाल कंवर आशीष कौशिक जफीर अहमद तथा कार्यालयीन कर्मचारी के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी उप. स्थित रहे।

## प्लेनेटेरियम के माध्यम से अंतरिक्ष कार्यक्रम से बच्चों का कराया गया परिचय




सूरजपुर 23 अगस्त 2024 आज कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सूरजपुर में जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू की अध्यक्षता में चंद्रयान 03 की सफलता के पर्व के रूप में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस ( 23 अगस्त) मनाया गया। इस अवसर पर अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति बच्चों में जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत प्लेनेटेरियम के माध्यम से अंतरिक्ष कार्यक्रम से बच्चों का परिचय कराया गया। साथ ही इस अवसर पर अंतरिक्ष कार्यक्रम के संबंध में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा सातवीं की कु.आरती चौधरी को प्रथम, कु. ज्योति को द्वितीय एवं कु. श्रुति देवांगन को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर साहू ने बच्चों को संबोधित करते हुए भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने इसरो के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी को अंतरिक्ष कार्यक्रमों के प्रति जागरूक करने एवं आपके इसके प्रति आपके जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी यहां मिलने वाले जानकारी से अपने ज्ञान को बढ़ाए और एक दिन आप कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स जैसी सफल अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनें। साथ ही उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब कोई काम मन लगाकर किया जाता है तो वह अवश्य सफल होता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच को प्रा. `त्साहित करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है उन्होंने आशा की कि सभी बच्चे यहां प्रदान किए जाने वाले जानकारी को पूरे मन से आत्मसात् करते हुए अपने ज्ञान का उन्नयन करेंगे। गौरतलब है कि कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिले के स्कूली बच्चों को अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति जागरूक करने एवं उनमें वैज्ञानिक सोंच को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में समर्थ सूर. जपुर कार्यक्रम अन्तर्गत 23 अगस्त से 05 सितंबर तक इमरसिव 3डी 360 डिग्री स्पेस साइंस शो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ आज अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय सूर. जपुर से किया गया। जिसके अन्तर्गत जिले के सभी विकास खंडों के विभिन्न स्कूलों में प्ल. `नेटेरियम के माध्यम से अंतरिक्ष कार्यक्रम से बच्चों का परिचय कराया जा रहा है।आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को अंतरिक्ष की गतिविधियों, भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा किया जा रहे अंतरिक्ष अभियानों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बच्चों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद (इसरो) के संबंध में जानकारी देते हुए इसके अभियानों, मंगलयान, चंद्रयान इत्यादि की जानकारी दी गई।. उल्लेखनीय है कि उक्त विद्यालय की छात्रा कु. नंदिनी किंडो ने हाल ही दिल्ली की यात्रा कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की थी । आज कार्यक्रम के दौरान कु. नंदिनी ने सभी लोगों के समक्ष राष्ट्रपति भवन की अपनी यात्रा का अनुभव साझा किया।

## वनमण्डल विभाग के उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध रूप से वनभूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से जोताई कोड़ाई कर रहे, 02 नग ट्रैक्टर को किया गया जप्त



वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर पंकज कमल के निर्देशन एवं उपवनमण्डलाधिकारी सूरजपुर अनिल सिंह के नेतृत्व तथा वनपरिक्षेत्राधिकारी सूरजपुर श्री उमेश कुमार वस्त्रकार की उपस्थिति में मध्य रात्रि लगभग 11.00 बजे उड़नदस्ता दल सूरजपुर वनमण्डल, उडनदस्ता सरगुजा पुलिस एवं उपपरिक्षेत्र जयनगर की टीम के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से रात्रि गश्ती के दौरान कक्ष क्रमांक पी–2533 वनखण्ड आमगांव बीट–महाबीरपुर में अवैध रूप से वनभूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से जोताई कोड़ाई कर रहे 02 नग ट्रैक्टर को जप्त किया गया। ट्रैक्टर महिन्द्रा नोवो 605 डी.आई. पंजीयन क्रमांक सोल्ड को वाहन स्वामी श्री सुमित केरकेट्टा आत्मज मंगलु राम जाति उरांव साकिन कोलडिहा तथा ट्रैक्टर आयशर 380 यू.एस.जे. पंजीयन क्रमांक सोल्ड को वाहन स्वामी धरमसाय केरकेट्टा आत्मज धुरसाय केरकेट्टा जाति उरांव साकिन कोलडिहा थाना गांधीनगर जिला सरगुजा (छ०ग०) से जप्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) ग. भारतीय वन (छ.ग. संशोधन) अधिनियम 1983 संशोधित धारा 52 (1) एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 63 (ग) के तहत् कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी सूरजपुर वनमण्डल शैलेष कुमार गुप्ता, परिक्षेत्र सहायक जयनगर धीरेन्द्र कुमार सिंह, परिक्षेत्र सहायक कसकेला मनोज जायसवाल, कांता मिंज वनपाल, राजकुमार राजवाडे वनरक्षक, संदीप कुमार कुजूर वनरक्षक, महेन्द्र प्रसाद वनरक्षक, अजय रा. जवाडे वनरक्षक आदि वन कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आर. टी. ई. के तहत प्रवेश लिए बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं की जांच के लिए नियुक्त किए गए हैं मेंटोर



विगत दिवस जितेन्द्र कुमार साहू संकुल समन्वयक (शा.बा.उ.मा. विद्यालय सूरजपुर) एवं नवनियुक्त मेंटोर धर्मपाल सिंह (डिविजनल कोऑर्डिनेटर प्रतापपुर) के द्वारा स्थानीय निजी विद्यालय साधूराम विद्या मंदिर (एस.आर व्ही एम.) सूर. जपुर वेदान्ता पब्लिक स्कूल सूर. जपुर का तथा राम यादव संकुल समन्वयक (संकुल केन्द्र भैयाथान) तथा मेटोर दीपक कुमार साहू (जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना) के द्वारा विकासखंड भैयाथान अन्तर्गत संच. ालित निजी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर भैयाथान व नेहरू बाल विद्या मंदिर भैयाथान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के मध्य सभी विद्यालयों के पाठ्यक्रम व मूलभूत सुविधाओं सहित निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 (आर.टी.आई) के तहत् अध्ययनरत् विद्यार्थियों की योजनान्तर्गत शाला त्यागी विद्यार्थियों की जानकारी ली गयी। विद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है अथवा नहीं, इसका भी संज्ञान लिया गया। ज्ञात हो कि राज्य में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 (आर.टी.आई) के तहत् अध्ययनरत् विद्यार्थियों के बड़े पैमाने में विद्यालय त्याग किया जा रहा था जिसपर अंकुश लगाने राज्य शासन के द्वारा जिले के कलेक्टर को प्रत्येक स्कूल में एक मेटोर नियुक्त करने हेतु आदेशित किया गया था साथ ही एक जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया गया है जिसमें जिले के कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सहायक आयुक्त (आदिवासी विकास), जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक, एक प्राचार्य एंव एक अभिभावक को सम्मिलित किया गया है। मैटोर द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण की समीक्षा इसी जिला स्तरीय समिति के द्वारा किया जाना है।




## जीवन में सच्चाई और न्याय का मार्ग अपनाएंरु मंत्री केदार कश्यप

भानपुरी में आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी पर्व में शामिल हुए वनमंत्री



वनमंत्री केदार कश्यप ने आज बस्तर के ग्राम भानपुरी में आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने भगवान कृष्ण की पूजा–अर्चना की तथा झूला झुलाया। उन्होंने क्षेत्रवासियों और प्रदेश के सभी लोगों की सुख–समृद्धि की कामना की। वनमंत्री कश्यप ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण की कृपा से आपके जीवन में प्रेम, शांति और खुशहाली आए। हम सभी कृष्ण की लीलाओं से प्रेरणा लें और अपने जीवन में सच्चाई और न्याय का मार्ग अपनाएं। समस्त जगत भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हों और सभी अपने जीवन को सकारात्मकता से भरें। यही मंगल कामना है।यह कार्यक्रम तुलसी महिला मंडल के द्वारा आयोजित किया गया था। मंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में भानपुरी, करंदोला सहित आसपास के लोग सम्मिलित हुए।

## मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



मुख्यमंत्री साय ने समाज सुधारक और शिक्षाविद् स्वामी आत्मानंद की पुण्यतिथि 27 अगस्त पर उन्हें नमन करते हुए कहा है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ में मानव सेवा एवं शिक्षा संस्कार की अलख जगाई। पीड़ित मानवता की सेवा को उन्होंने सबसे बड़ा धर्म बताया। स्वामी विवे. कानंद के विचारों का भी उन पर भी गहरा असर हुआ और उन्होंने अपना पूरा जीवन दीन–दुःखियों की सेवा में बिता दिया।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वामी आत्मानंद के पद चिन्हों पर चलते हुए किसानों, वनवासियों, गरीबों और मजदूरों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हर संभव प्रयास कर रही है। स्वामी आत्मानंद ने वनवासियों के उत्थान के लिए नारायणपुर आश्रम में उच्च स्तरीय शिक्षा केन्द्र और वनवासी सेवा केन्द्र प्रारंभ किए। साय ने कहा कि स्वामी अत्मानंद के आदर्श और जीवन मूल्य सदा जनसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

## विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय मि मुक्ति दिवस (एनडीडी) की टास्क फोर्स की बैठक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैयाथान के अध्यक्षता में संपन्न

जिले के कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सागर सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भैयाथान में आहूत की गई। जिसमें सभी विभागीय अधिकारीध्कर्मचारी मौजूद रहे, विकासखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

समस्त अधिकारीध् कर्मचारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 29 अगस्त 2024 को मनाया जाएगा। साथ ही छुटे हुए बच्चों को मॉप–अप दिवस के रूप में 4 सितंबर 2024 को कृमि की दवा खिलाई जायेगी, इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं लक्ष्य पूर्ति हेतु व्यापक प्रचार प्रसार, रैली शासकीय स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रो में आवश्यक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही सभी शासकीय व निजी स्कूल प्राइवेट, आईटीआई, कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्रो में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजन राज्य के सभी 33 जिलों में किया जा रहा है, जिसमें एक वर्ष से लेकर 19 वर्ष के सभी बच्चों ध् किशोर किशोरियों को कृमि नाशक दवा एल्बेंडाजोल 400 एमजी खिलाई जाएगी।

इस अभियान के तहत शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा तकनीकी शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, पंचायत ग्रामीण विकास एवं स्वास्थ्य विभाग तथा समस्त मितानिन बीसी, एमटी एवं अन्य संस्थाओं से सहयोग लिया जाना उचित होगा,

विकासखंड ओड़गी में कुल लक्ष्य 35667 बच्चों को एनडीडी की गोली खिलाई जानी है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों धकिशोर किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर बेहतर, एनीमिया की रोक. थाम बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हो सके इस कार्यक्रम को सफल क्रियान्वयन हेतु अंतर विभागीय की मुख्य भूमिका अपेक्षाएं निम्न अनुसार दी गई है

महिला बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अपने क्षेत्र के गैर पंजीकृत एवं साल त्यागी बच्चों की सूक्ष्म कार्य योजना तैयार कर दवा सेवन करने में सहयोग प्रदान करना। तथा शिक्षा विभाग की भूमिका सभी स्कूल में पंजीकृत 6 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों की कीशोर ,किशोरियों की निर्धारित खुराक के अनुसार दवाई खिलाई जाने में सहयोग प्रदान करना।

साथी पंचायत में ग्रामीण विकास विभाग की भूमिका ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा में कृमि मुक्ति के बारे में जानकारी दिया जाना,साथ ही इस दिवस में शत प्रतिशत बच्चों को कृमि मुक्ति से मुक्ति करने के लिए चर्चा करना तथा तथा समुदाय में जन जागरूकता फैलाने में मदद करना, साथ ही सरपंच कोटवारों के माध्यम से अपने क्षेत्र में प्रचार प्रचार प्रसार कर मुनादी कराया जाना आवश्यक होगा

मितानिनो की भूमिका सभी कार्यकर्ताओं को समुचित बच्चों के बारे में पूर्व तैयारी कर निर्धारण केंद्रो में उपस्थित कराए जाने में सहयोग प्रदान करना ताकि शत प्रतिशत बच्चों को एल्बेंडाजोल की खिलाई जा सके कार्यक्रम समापन के पश्चात रिपोर्टिंग हेतु समय सीमा पर विकासखंड स्तर एवं जिला स्तर पर गूगल शीट एवं डेटा संकलित कर उच्च कार्यालय को समय सीमा पर भेजा जाना अनिवार्य होगा।

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के बेहतर समन्वय हेतु सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षित किए जाने हेतु निर्देशित दिए गए इस दौरान ब्लॉक ओड़गी एवं भैयाथान के ब्लॉक स्तर के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे, विकासखंड ओड़गी से मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर नृपेंद्र सिंह, विनय गुप्ता सीईओ भैयाथान, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सखन आयाम, ब्लॉक नोडल तोपान सिंह दायमा एवं खंड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी डी0 एन0 रवि एवं के0पी0 रवि बिटीओ विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी भैयाथान, ओड़गी, मितानिन कार्यक्रम ब्लॉक समन्यवयक लीलावती यादव विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रति. निधि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन बीपीएम आयाम ओड़गी के द्वारा किया गया।

## दूसरे हफ्ते भी बॉक्स ऑफिस की रानी बनी 'स्त्री 2',दूसरे हफ्ते की कमाई भी धुआंधार




2018 की हॉरर–कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' की सीक्वल 'स्त्री 2', रिलीज के 10 दिन बाद भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना अहम रोल में हैं।

**पहले हफ्ते हुई इतनी कमाई**

वेबसाइट बताती है कि फिल्म ने पेड प्रीमियर के दौरान ₹8.5 करोड़ और 15 अगस्त को अपने पहले दिन ₹51.8 करोड़ कमाए। आने वाले हफ्ते में, इसने शुक्रवार, शनिवार और रविवार को ₹31.4 करोड़, ₹43.85 करोड़ और ₹55.9 करोड़ कमाए। सोमवार को कले. क्शन में गिरावट देखी गई, लेकिन फिर भी इसने ₹38.1 करोड़ कमाए, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को ₹25.8 करोड़, ₹19.5 करोड़ और ₹16.8 करोड़ कमाए। अपने पहले हफ्ते में, फिल्म का कलेक्शन भारत में ₹291.65 करोड़ रहा।

**दूसरे वीकेंड भी कमाई छप. परफाड़**

अमर कौशिक की 'स्त्री 2' ने अपने दूसरे शुक्रवार को 4. 17: की बढ़ोत्तरी के साथ ₹17.5 करोड़ कमाए। दूसरे शनिवार को, फिल्म ने ₹32.5 करोड़ की कमाई की, जिससे भारत में इसकी दस दिन की कुल कमाई लगभग ₹341. 65 करोड़ हो गई। अपारशक्ति ने हाल ही में पीटीआई से बात की कि उनके बड़े भाई, एक्टर आयुष्मान खुराना मैडॉक फिल्म्स की हॉरर कॉमेडी फ्रैंचाइज थामा में शामिल हो रहे हैं, जिसका पहले नाम वैम्पायर्स ऑफ विजय नगर था। उन्होंने बताया, ''हम इतने लंबे समय से एक–दूसरे के साथ कुछ अच्छा करने का इंतजार कर रहे थे और जो दुनिया बनाई गई है, उससे बेहतर क्या हो सकता है?''अपारशक्ति ने यह भी कहा कि भाइयों ने निर्माताओं से उन्हें साथ में कास्ट करने के लिए नहीं कहा था, लेकिन 'स्त्री 2' की शूटिंग पूरी होने के बाद उन्हें नई फिल्म के लिए संपर्क किया गया। उन्होंने कहा, ''हम मेकर्स के पास यह कहने नहीं गए कि वे हमें साथ में किसी फिल्म में लें...हमने 'स्त्री 2' की शूटिंग पूरी कर ली थी और उसके बाद यह नई फिल्म उनके पास आई।'

## कोलकाता रेप केस पर भावुक होकर ट्विंकल खन्ना ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बोली,,, देश में महिलाओं को भूत नहीं,मर्द डराते हैं,



पूर्व एक्टर एवं लेखक ट्विंकल खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव एवं छाई रहती है एवं हर मुद्दे पर अपना विचार एवं परामर्श देना पसंद करती है हाल ही में हुए कोलकाता रेप कैस को सुना हर एक एक्ट्रेस ने डॉक्टर के लिए न्याय की मांग लगाई है

**कोलकाता रेप केस पर भावुक होकर बोली ट्विंकल खन्ना**

ट्विंकल खन्ना ने इस मामले पर पहले भी अपने विचार रख चुकी हैं हाल ही में ट्विंकल खन्ना ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में बढ़ते रेप मामले पर दो शब्द लिखती है कि , डरावनी फिल्म भी हमें उतना नहीं डरा पाती है जितना कि आजकल हमारे आसपास हो रहे घटना हमें डरा रही है और देश में महिलाओं को भूत नहीं,मर्द डराते हैं,,,, आजकल समाचार पत्र एवं टीवी चौनल में लगातार निराशाजनक चीज पढ़ने एवं देखने को मिलता है कोलकाता में डॉक्टर का रेप हुआ और फिर हत्या हुई

## मसाला खिचड़ी रेसिपी



पौष्टिक मसाला खिचड़ी बनाने के लिए चावल और दाल को भारतीय मसाले के साथ घी में भूनकर कुकर में पकाया जाता है इस भारतीय रे. सिपी को पकाने के लिए कुकर का इस्तेमाल किया गया है हालांकि आप उसे कढ़ाई में भी बना सकते हैं लेकिन उसमें ज्यादा समय लगता है इसे आप अपने घर पर बना सकते हैं और दही सलाद और पापड़ के साथ दोपहर या रात में खाने में परोस सकते हैं

**सामग्री:–**1.2 कप चावल.2 टेबल स्पून मूंग दाल.2 टेबल स्पून तूर दाल.1 मीडियम साइज प्याज बारीक कटा हुआ.2 टेबल स्पून मूंगफली.2 कप पानी.2 टेबल स्पून घी.1.4 टी स्पून राइस.1.2 टीस्पून जरा.2 लौग. 1 दालचीनी 2 टुकड़ों में कटी हुई. 1 तेज पत्ता का छोटा टुकड़ा.4 काली मिर्च के दाने.1.2 अनासफल (चक्र फूल).1 सूखी लाल मिर्च 2 टुकड़ों में कटी हुई.1.2 टेबलस्पून लाल मिर्च पाउडर.1.4 टेबलस्पून हल्दी पाउडर.1 टेबल स्पून वारिक कटा हुआ हरा धनिया.नमक स्वाद अनुसार

**विधि:–**1, चावल मूंग दाल और तूर दाल को साथ में धो लीजिए और उसे 20 मिनट के लिए पानी में भिगो के रखिए अधिक पानी को निकाल कर उन्हें बाजू में रख दीजिए और जरूरत पड़े ने पर उनका उपयोग कीजिए

2, एक स्टील अल्युमिनियम दो से चार लाइटर के प्रेशर कुकर में दो टेबल स्पून घी गरम कीजिये राय डालकर उसे फुटाने दीजिए जरा लॉन्ग तेज पत्ता काली मिर्च के दाने अनार अनाज फल सूखी लाल मिर्च और मूंगफली दाल डालकर 1 मिनट के लिए भुने

3, कटा हुआ प्याज डालकर हल्के भूरे रंग का होने तक भूनिए इसमें दो मिनट लगेगा

4, भीगे हुए चावल तूर दाल मूंग दाल लाल मिर्च पाउडर हल्दी पाउडर और नमक डालकर 1 मिनट के लिए भूनिए

5, दो कप पानी डालकर अच्छे से मिले और कुकर का ढक्कन बंद कर करके तीन सिटी पहले सिटी तेज आज पर और बाद में दो सिटी मध्य आज पर बजने तक पकाएं

6, गैस बंद कर दीजिए जब सारा प्रेशर अपने आप निकल जाए उसके बाद में कुकर का ढक्कन खोले इसमें लगभग 6 से 8 मिनट लगेगा

7, मसाला खिचड़ी को स्विंग बोल में निकाल कर दही रायता और पापड़ के साथ परोस

**सुझाव और विविधता:–**1, अगर आपकी खिचड़ी की मात्रा कम है तो दो–तीन लीटर का प्रेशर कुकर से माल की कीजिए और खिचड़ी को धीमी आंच पर पकाएं

2, बाद में बदलाव लगने के लिए कटे हुए आलू और अपनी पसंद की कोई भी सब्जी आप खिचड़ी में डाल सकते हैं

3, इस रेसिपी में महक लाने के लिए घी का उपयोग किया गया है हालांकि आप भी की जगह के लिए मखाना का भी इस्तेमाल कर सकते हैं

**स्वाद:–**नमक स्वाद अनुसार और घी का महक वाला

**परोसने की तैयारी:–**पौष्टिक मसाला खिचड़ी को पंजाबी तड़का या गुजराती तड़के पापड़ और सलाद के साथ रात में खाने में पड़ोसी है या अचार और दही के साथ बहुत स्वादिष्ट लगती है

## भारतीय खिलाड़ी अच्छा खेल दिखा रहे हैं। जीते हैं इतने मेडल,



ओलंपिक खेल एक बार फिर से शुरू होने वाले हैं। अब इसके आगाज में केवल 20 ही दिन का वक्त बाकी है। भारतीय खिलाड़ी फिर से मेडल जीतने की अपनी अपनी तैयारी में जुटे हैं। बात अगर हॉकी की करें तो इस खेल में शुरुआत से ही भारत का परचम लहराया है। 2024 में हरमनप्रीत सिंह के हाथ में हॉकी टीम की कमान है और पूरी टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। हॉकी में भारतीय टीम के सफर का आगाज 27 जुलाई से होगा, जब भारतीय टीम न्यूजीलैंड से भिड़ती हुई दिखाई देगी। हम आपको भारत का पूरा शेड्यूल और टीम भी बताएंगे, लेकिन इससे पहले जरा इतिहास पर एक नजर डालते हैं।

**भारत का हॉकी**

हॉकी हमेशा से ओलंपिक में भारत के लिए सबसे मजबूत खेल रहा है। ओलंपिक के इतिहास में भारत इस खेल में सबसे सफल टीम रही है, जिसने कुल आठ स्वर्ण पदक जीते हैं। हालांकि इसे दुर्भाग्य ही कहेंगे कि साल 1980 के बाद से इसका दबदबा कभी वैसा नहीं रहा, जैसे पहले होता था। लेकिन पिछले कुछ सालों में टीम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर लौट रही है। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को समाप्त किया था और इस बार उम्मीदें काफी ज्यादा हैं।

**साल 1901 में ही खेला था ओलंपिक**

भारत ने ब्रिटिश शासन के अधीन होने के बावजूद 1900 में ही ओलंपिक में अपनी शुरुआत की और हॉकी में उनका दबदबा 1928 से शुरू हुआ, जब ध्यानचंद टीम के कप्तान थे। उनके नेतृत्व में भारत ने 1928, 1932 और 1936 ओलंपिक में लगातार स्वर्ण पदक जीते। स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का पहला स्वर्ण पदक भी हॉकी में आया, जब बलबीर सिंह सीनियर ने टीम को गौरव दिलाने का काम किया। 1952 और 1956 में भारत ने इस खेल में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। हालांकि 1960 के रोम ओलंपिक में भारत फाइनल में पाकिस्तान से हार गया और रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

**2021 टोक्यो ओलंपिक में जीता था कांस्य पदक**

इसके बाद भारत 1964 और 1980 में हॉकी में स्वर्ण जीतने में सफल रहा, जबकि अन्य स्पर्धाओं में कांस्य पदक हासिल किया। लेकिन 1980 के बाद यहां पदकों का भारी अकाल पड़ा, लेकिन मनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली टीम ने 5 अगस्त 2021 को टोक्यो में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को 5–4 से हराया और 41 वर्षों में खेल में देश के लिए पहला पदक जीता।

**ओलंपिक में हॉकी में भारत का प्रदर्शन:**

कुल पदक : 12

स्वर्ण : 8, रजत – 1, कांस्य – 3

**पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारत की हॉकी टीम**

गोलकीपर: पीआर श्रीजेश

डिफेंडर: जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय

मिडफील्डर: राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद

फॉरवर्ड: अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह

वैकल्पिक खिलाड़ी: नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक

**पेरिस ओलंपिक में भारत का शेड्यूल**

27 जुलाई – भारत बनाम न्यूजीलैंड – रात 9 बजे


29 जुलाई – भारत बनाम अर्जेंटीना – शाम 4:15 बजे

30 जुलाई – भारत बनाम आयरलैंड – शाम 4:45 बजे

1 अगस्त – भारत बनाम बेल्जियम – दोपहर 1:30 बजे

2 अगस्त – भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया – शाम 4:45 बजे

## रजत को जब पता चला कि सही उसकी बेटी नहीं है उसके बाद रजत मायूस हो गया



सीरियल गुम है किसी के प्यार में ने पिछले हफ्ते टीआरपी चार्ट में धमाकेदार वापसी की. शो के मौजूदा ट्रैक में हम देखते हैं कि रजत और सवी अब शादीशुदा हैं. दोनों ने इसलिए हामी भरी, जिससे सई खुश रह सके और अपने पापा के साथ एक अच्छी लाइफ जी सके. जहां सई की रियल मां आशिका महज रजत से बदला लेने के लिए अपनी बेटी की कस्टडी लेना चाहती थी. गुम है किसी के प्यार में के अपकमिंग एपिसोड में, हम देखेंगे कि रजत यह जानकर चौंक जाएगा कि सई रियल में आशिका और अर्श की लव चाइल्ड है.

**रजत को तोड़ने के लिए आर्श कौन सा चाल**

'गुम है किसी के प्यार में' के एपिसोड में हम देखेंगे कि आशिका भले ही कस्टडी की लड़ाई हार गई हो, लेकिन वह अपनी बेटी सायशा को चाहती है. इसलिए अर्श एक प्लान लेकर आएगा और रजत को बताएगा कि सई उसकी बेटी नहीं है बल्कि आशिका और उसकी प्यारी संतान है. इससे रजत सदमे की स्थिति में आ जाएगा.

**आशिका–अर्श के झूठ का पर्दाफाश करेगी ये शख्स**

गुम है किसी के प्यार में के आने वाले एपिसोड में, हम देख सकते हैं कि रजत इस सच्चाई को जाकर अपनी बेटी से कम प्यार करने लगेगा. वह उससे दूर होता जाएगा. वहीं सई अपने पिता को यूं देखकर दुखी हो जाएगी. उसे लगेगा कि उसने ऐसा क्या कर दिया है कि रजत उससे दूर होते जा रहे हैं. हालांकि सवी फिर से दोनों के बीच का पुल बनेगी. रिपोर्ट्स के मुताबिक सवी एक बार फिर अर्श और आशिका के झूठ का पर्दाफाश करेगी. वह डीएनए टेस्ट के लिए डॉक्टर को बुलाएगी और सभी गलतफहमियां दूर करेगी. रजत सई का प्यारा पिता बनकर वापस आएगा और फिर एक खुशहाल परिवार होगा. ये बड़ा खुलासा जन्माष्टमी समारोह के दौरान होगा.

**क्या ऑफएयर हो रहा है गुम है किसी के प्यार में**

गुम है किसी के प्यार में की नई क्लिप में, हम रजत, सवी और पूरे ठक्कर परिवार को एक साथ नाचते और सई को खुश करते हुए देखते हैं. रजत और सवी के बीच की मीठी नोक–झोंक भी फैंस को स्क्रीन पर बांधे हुए है. भाविका शर्मा और हितेश भारद्वाज की केमिस्ट्री अब धूम मचा रही है और फैंस उनकी जोड़ी के दीवाने हो रहे हैं. हालांकि, हाल ही में सोशल मीडिया पर खबरें आई थी कि सीरियल ऑफएयर हो रहा है. हालांकि मेकर्स ने इन इन्हें महज अफवाह बताया


## 59 साल में तीसरी बार दूल्हा बनेंगे आमिर खान



बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर आमिर खान ने अपने करियर में तमाम फिल्मों में काम किया है और कई ट्रेंड सेट किए हैं। आमिर खान की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित होती हैं। आमिर खान अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्नसल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। आमिर खान ने 2 शादी की हैं और दोनों से तलाक हो गया है। आमिर खान के तीन बच्चे आयरा, जुनैद और आजाद हैं। अब 59 साल के आमिर खान ने तीसरी शादी के सवाल पर बात की है। आइए जानते हैं कि आमिर खान ने तीसरी शादी पर क्या कहा है। आमिर खान ने तीसरी शादी पर कही ये बात इंडस्ट्री के स्टार आमिर खान की दो शादी हुई और दोनों पत्नियों से तलाक हो गाय। अब एक बार फिर आमिर खान की तीसरी शादी को लेकर बातें हो रही हैं। दरअसल, रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट चौप्टर 2 में आमिर खान ने तीसरी शादी को लेकर सवाल किया गया। इस पर आमिर खान ने कहा, श्में 59 साल का हूं। मुझे नहीं लगता मैं फिर से शादी करुंगा। मुश्किल लग रहा है मुझे। इस समय मेरी जिंदगी में इतने रिश्ते हैं। मैं फिर से अपनी फैमिली के कनेक्ट हुआ हूं। मेरे पास बच्चे हैं, भाई और बहन हैं। मेरे पास बच्चे हैं, भाई और बहन हैं। मैं अपनी करीबी लोगों संग खुश हूं। बेहतर व्यक्ति बनने की तरफ काम कर रहा हूं ( इस रिपोर्ट को बॉलीवुड लाइव वेबसाइट से लिया गया)

## एमी जैक्सन और एड वेस्टविक, शादी की पहली तस्वीर आई सामने

### एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने 25 अगस्त को शादी कर ली है



एमी जैक्सन और उनके मंगेतर एड वेस्टविक बीते दिनों काफी चर्चा में बने थे। दरअसल, दोनों की शादी की खबरें आ रही थीं। फाइनली एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने शादी कर ली है। इस कपल ने अपने–अपने सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें शेयर कर खुशखबरी दी है। एमी जैक्सन और एड वेस्टविक की शादी की खबर जानकर फैंस काफी खुश हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं। बताते चलें कि हाल ही में एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से अपनी फैमिली मेंबर्स और करीबी लोगों के साथ तस्वीरें शेयर की थीं

**एमी जैक्सन ने शेयर कीं शादी की तस्वीरें**

इंडस्ट्री में बॉलीवुड से लेकर साउथ तक अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने वाली एमी जैक्सन ने अपनी जिंदगी की नई पारी शुरू की है। एमी जैक्सन ने अपने मंगेतर एड वेस्टविक के साथ 25 अगस्त को शादी कर ली है। एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने अपने फैमिली मेंबर्स और करीबी लोगों की मौजूदगी में एक–दूसरे का हाथ थामा है। इस कपल ने अपने–अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। दोनों के फैंस शादी के बाद बधाई दे रहे हैं। एमी जैक्सन अपनी शादी के दौरान व्हाइट कलर के गाउन में नजर आ. ई। वहीं, एड वेस्टविक ने ब्लैक एंड व्हाइट सूट पहना था( इस रिपोर्ट को बॉलीवुड लाइव वेबसाइट से लिया गया)

## बैडमिंटन मुकाबले में रति मोहन ने आनंद कुमार को हराकर खिताब पर जमाया अपना हक



राजमहल कोल परियोजना के उर्जा नगर स्टाफ क्लब में दो दिवसीय इंटर एरिया बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न हो गया. 45 वर्ष के ऊपर के सिंगल मुकाबले में रति मोहन ने आनंद कुमार को हराकर खिताब पर कब्जा किया. 55 वर्ष के ऊपर के डबल मुकाबले में चंचल दास एवं विनोद जायसवाल की जोडी ने राजेश त्रिवेदी एवं बी चटर्जी की जोडी को हराकर खिताब पर कब्जा किया.

महिला के सिंगल मुकाबले में कीर्ति कुमारी ने सुमिता को हराकर खिताब पर कब्जा किया. विजेता खिलाडी को निदेशक पर्सनल आभ. ूति स्वान ने कप देकर सम्मानित किया. उपविजेता खिलाडी को वेलफेयर बोर्ड के पदाधिकारी एसके सिंह एवं परियोजना के महाप्रबंधक प्रभारी एएन नायक ने कप देकर सम्मानित किया. इस दौरान अतिथि ने कहा कि इसीएल क्षेत्र के 14 कोयला खनन क्षेत्र के खिलाडी बैड. मिंटन टूर्नामेंट में भाग लिया है.

सभी खिलाडी ने बेहतर खेला है. खेल में हार–जीत लगी रहती है . काम के साथ खेलकूद भी आवश्यक होता है . इससे मनुष्य का शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है. मनुष्य को अपने स्वास्थ्य पर अवश्य ध्यान देनी चाहिए. अगर शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहता है, तो मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा. मौके पर एरिया फाइनेंस मैनेजर संजय अम्बष्ट, डीके वर्मा, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक संदेश बडाडे, कार्मिक प्रबंधक प्रणव कुमार, साहित्यकार डॉ राधेश्याम चौधरी ,शादाब अंजुम, अमर गुप्ता ,प्रवीण कुमार, मिस्त्री मरांडी ,अरविंद पांडे आदि उपस्थित थे.


स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978